इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 29] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 20 जुलाई 2012—आषाढ़ 29, शक 1934

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम,
(3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 4 जुलाई 2012

क्र. ई.-5-781-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री आर. के. माथुर, आयएएस., कमिश्नर, सागर संभाग को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 18 मई 2012 द्वारा दिनांक 12 से 23 जून 2012 तक, बारह दिन के स्वीकृत अर्जित अवकाश में आंशिक संशोधन करते हुए, अब उन्हें दिनांक 12 से 25 जून 2012 तक, चौदह दिन के अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 18 मई 2012 की शेष कंडिकाएं यथावत रहेंगी.

क्र. ई.-5-739-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री हीरालाल त्रिवेदी, आयएएस., तत्का. आयुक्त सामाजिक न्याय, मध्यप्रदेश को सामाजिक न्याय विभाग के आदेश दिनांक 21 जून 2011 द्वारा दिनांक 28 जून 2011 से 3 जुलाई 2011 तक एथेन्स (ग्रीस) भ्रमण की अनुमति प्रदान की गई थी. उक्त शासकीय विदेश भ्रमण के अनुक्रम में श्री त्रिवेदी को दिनांक 28 जून 2011 से 3 जुलाई 2011 तक, छह: दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश कार्योत्तर अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्री हीरालाल त्रिवेदी को भत्ते की पात्रता नहीं होगी.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री हीरालाल त्रिवेदी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-606-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री पंकज अग्रवाल, आयएएस., सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग को इस विभाग के आदेश क्रमांक ई-13-75-2011-5-एक, दिनांक 21 मई 2012 द्वारा दिनांक 23 जुलाई 2012 से 10 अगस्त 2012 तक लंदन

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2012.

में आयोजित शार्ट टर्म मिड केरिअर प्रोग्राम में भाग लेने के अनुक्रम दिनांक 11 से 20 अगस्त 2012 तक, दस दिन एक्स इंडिया अर्जित अवकाश तथा दिनांक 21 से 24 अगस्त 2012 तक, चार दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

उक्त एक्स इंडिया अवकाश आपको इस शर्त के साथ स्वीकृत किया जाता है कि आप इस अवधि को नहीं बढ़ायेगे तथा लंदन से वापस लौट आएंगे. साथ ही यदि लंदन के अलावा विदेश में किसी अन्य स्थान का भ्रमण किया जाता है, तो उसकी पूर्व सूचना भी इस विभाग को प्रस्तुत करेंगे.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री पंकज अग्रवाल को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता हैं.

(3) अवकाशकाल में श्री पंकज अग्रवाल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री पंकज अग्रवाल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 05 जुलाई 2012

क्र. ई.-1-242-2012-5-एक.—श्री दिलीप कुमार सामन्तराय, भाप्रसे (1982), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मध्यप्रदेश मंत्रालय पदस्थ किया जाता है.

(2) उपरोक्तनुसार श्री दिलीप कुमार सामन्तराय द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन भाप्रसे (वेतन) नियमावली, 2007 के नियम, 9 के अंतर्गत विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मध्यप्रदेश मंत्रालय के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में ऊपर दर्शित नियमों की अनुसूची II में सम्मिलित प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

(3) श्री सुदेश कुमार, भाप्रसे (1984), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, संसदीय कार्य विभाग तथा जन शिकायत निवारण विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, आगामी आदेश तक, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

भोपाल, दिनांक 06 जुलाई 2012

क्र. ई.-5-353-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री स्वदीप सिंह, आयएएस., तत्का. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मध्यप्रदेश मंत्रालय तथा अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, आदिम जाति कल्याण, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग को दिनांक 5 से 30 जून 2012 तक, छब्बीस दिन का लघुकृत अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्री स्वदीप सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री स्वदीप सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 07 जुलाई 2012

क्र. ई.-5-693-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अरुण तिवारी, आयएएस., कमिश्नर, नर्मदापुरम् संभाग होशंगाबाद को दिनांक 11 से 13 जुलाई 2012 तक, तीन दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 14, 15 जुलाई 2012 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री अरुण तिवारी की अवकाश की अवधि में श्री राहुल जैन, आयएएस., कलेक्टर, जिला होशंगाबाद को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कमिश्नर, नर्मदापुरम् संभाग होशंगाबाद का चालू कार्यभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री अरुण तिवारी को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कमिश्नर, नर्मदापुरम् संभाग होशंगाबाद के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री अरुण तिवारी द्वारा कमिश्नर, नर्मदापुरम् संभाग होशंगाबाद का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री राहुल जैन, कमिश्नर, नर्मदापुरम् संभाग होशंगाबाद के चालू कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री अरुण तिवारी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अरुण तिवारी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 09 जुलाई 2012

क्र. ई.-5-876-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री तेजस्वी एस. नायक, आयएएस., अनुविभागीय अधिकारी, कटनी को दिनांक 9 से 13 जुलाई 2012 तक, पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री तेजस्वी एस. नायक को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अनुविभागीय अधिकारी, कटनी के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता हैं.

(3) अवकाशकाल में श्री तेजस्वी एस. नायक को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री तेजस्वी एस. नायक अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

आर. परशुराम, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 5 जुलाई 2012

क्र. ई.-5-845-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री के. सी. जैन, आयएएस., उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 16 मई 2012 द्वारा दिनांक 11 से 30 जून 2012 तक, बीस दिन के स्वीकृत अर्जित अवकाश में आंशिक संशोधन करते हुए, अब उन्हें दिनांक 18 से 26 जून 2012 तक, नौ दिन अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 16 मई 2012 की शेष कंडिकाएं यथावत रहेंगी.

भोपाल, दिनांक 6 जुलाई 2012

क्र. ई.-5-771-आयएएस-लीव-एक-5.—डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, आयएएस., कलेक्टर, जिला खरगोन को समसंख्यक आदेश दिनांक 12 जून 2012 द्वारा दिनांक 18 से 30 जून 2012 तक, तेरह दिन के स्वीकृत अर्जित अवकाश में आंशिक संशोधन करते हुए, अब उन्हें दिनांक 18 से 23 जून 2012 तक, छः दिन का अर्जित स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 16, 17 जून 2012 एवं 24 जून 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 12 जून 2012 की शेष कंडिकाएं यथावत् रहेंगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही.एस. तोमर, अवर सचिव "कार्मिक".

तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 24 नवम्बर 2011

क्र. एफ-1-59-2003-बयालीस (1).—मध्यप्रदेश तकनीकी शिक्षा पोलीटेकनिक महाविद्यालय अध्यापन संवर्ग सेवा भरती (नियम 2004) की कंडिका 11 (8) में इन नियमों के तहत संविदा पर नियुक्त व्यक्ति को 13 दिन आकस्मिक अवकाश एवं 3 दिवस ऐच्छिक अवकाश का हकदार दर्शाया गया है. राज्य शासन द्वारा उक्त नियमों के पश्चात् निम्नानुसार प्रावधान प्रतिस्थापित किया जाता हैं:—

इन नियमों के तहत संविदा पर नियुक्त महिला/पुरुष कर्मचारी/अधिकारियों को मध्यप्रदेश सिविल सेवा अवकाश नियम 1977 के नियम 38 में उल्लेखित प्रावधान यथावत लागू रहेंगे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
शशि कर्णावत, उपसचिव.

कार्यालय कलेक्टर, जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश एवं उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

सिंगरौली, दिनांक 30 जून 2012

संशोधित अधिसूचना

क्र. 559-भू-अर्जन-2012-अधिसूचना क्र. 490-भू-अर्जन-2012 के अनुसार जारी अधिसूचना में लिपिकीय त्रुटिवश यह उल्लेख किया गया था कि राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5(अ) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबंध लागू होते हैं, उक्त पैरा विलोपित किया जाता है तथा उसके स्थान पर राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5(अ) के उपबंध उक्त भूमियों के संबंध में लागू होंगे. शेष शर्तें पूर्व में जारी अधिसूचना की यथावत् रहेगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. सेलवेन्द्रन, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 11 जुलाई 2012

फा. क्र.-17 (ई) 31-2012-इक्कीस-ब (एक), 1035-2012.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, मध्यप्रदेश के राज्यपाल, मध्यप्रदेश के माननीय मुख्य न्यायमूर्ति के परामर्श से, एतद्द्वारा, आकस्मिकता से वेतन पाने वाले कर्मचारियों की भर्ती तथा सेवा शर्तें (जिला एवं सत्र न्यायाधीशों की स्थापना) से संबंधित नियम, 1980 में, निम्नलिखित संशोधन करते हैं, अर्थात्:—

संशोधन

नियम 7 में, उप नियम (2) में, मद (2 ङ) के पश्चात्, निम्नलिखित नई मद अन्तःस्थापित की जाए, अर्थात्:—

"(2-च) आकस्मिकता से वेतन पाने वाले कर्मचारियों की शैक्षणिक अर्हताएं ऐसी होंगी, जैसी कि मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पूर्व में विहित की गई है या समय-समय पर विहित की जाए.".

No.-17 (E) 31-2012-XXI-B (1)-1035-2012.—In exercise of the powers conferred by the Proviso to Article 309 of the constitution of India, the, Governnor of Madhya Pradesh, in consulation with the Hon'ble Chief Justice of Madhya Pradesh, hereby, makes the following amendment in Rules relating to Recruitment and condition

of Service of Contingency Paid (District and Sessions Judges Establishment) Employees Rules, 1980, namely:—

AMENDMENT

In rule 7, in sub-rule (2),- after item (2E), the following new item shall be inserted, namely:—

"(2-F) Educational qualifications for contingency-Paid employees shall be such as have been previously prescribed or may be prescribed from time to time by the Government of Madhya Pradesh, General Administration Department.".

फा. क्र.-17 (ई) 31-2012-इक्कीस-ब (एक).—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, मध्यप्रदेश के राज्यपाल, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश के जिला एवं सत्र न्यायाधीशों की स्थापना के अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी सेवा भरती के नियम, 1978 में निम्नलिखित संशोधन करते हैं, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त नियमों में, अनुसूची में, अनुक्रमांक 3, 4, 5 एवं 6 के सामने, कॉलम (6) में, अंक और शब्द ''पांचवी कक्षा पास'' के स्थान पर, अंक और शब्द ''आठवीं कक्षा उत्तीर्ण'' स्थापित किये जाये.

No.17 (E) 31-2012-XXI-B (1)-1035-2012.—In cxercise of the powers conferred by the Proviso to Article 309 of the constitution of India, the Governor of Madhya Pradesh, hereby, makes the following amendment in the Madhya Pradesh Class IV Services on the Establishment of District and Sessinos Judges Recruitment Rules, 1978, namely:—

AMENDMENT

In the said rules, in the schedule, in column (6), against the serial numbers 3, 4, 5 and 6, for the figure and words "Vth Class pass", the figure and words "VIIIth class pass" shall be substituted.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. खान, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 4 जुलाई 2012

फा. क्र.-1(सी)-19-2012-इक्कीस-ब (दो).—राज्य शासन, इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 12 अप्रैल 2012 को निरस्त करते हुये, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 52 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (8) एवं मध्यप्रदेश विशेष न्यायालय नियम, 2012 के नियम 7 के उपनियम (1) एवं नियम 8 के उपनियम, (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, श्री विजय कुमार उइके, जिला अभियोजन अधिकारी, जबलपुर को मध्यप्रदेश विशेष न्यायालय अधिनियम, 2011 के अंतर्गत गठित विशेष न्यायालय एवं प्राधिकृत अधिकारी, जबलपुर के समक्ष विचाराधीन प्रकरणों में मध्यप्रदेश शासन की ओर से संचालन हेतु पदस्थापना ग्रहण करने की दिनांक से तीन वर्ष की कालावधि अथवा अन्यत्र आदेश होने तक के लिये एतद्द्वारा, विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करता है.

भोपाल, दिनांक 11 जुलाई 2012

फा. क्र.-1-बी-30-04-इक्कीस-ब (दो).—राज्य शासन, इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 02 सितम्बर 2004 के द्वारा श्री नंदलाल पाण्डे, अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/अतिरिक्त लोक अभियोजक, फास्ट ट्रेक कोर्ट मऊगंज, जिला रीवा को नियुक्त किया गया था.

श्री नंदलाल पाण्डे, अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/अतिरिक्त लोक अभियोजक, फास्ट ट्रेक कोर्ट, मऊगंज, जिला रीवा की आयु 62 वर्ष की आयु पूर्ण हो जाने के कारण उन्हें राज्य शासन, विधि विभाग नियमावली 2008 के नियम 20 के अंतर्गत आदेश जारी होने के दिनांक से तत्काल पदमुक्त करता है.

भोपाल, दिनांक 11 जुलाई 2012

फा. क्र.-1-बी-1-05-इक्कीस-ब (दो).—राज्य शासन, इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 31 अगस्त 2005 के द्वारा श्री रूप सिंह यादव, अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/अतिरिक्त लोक अभियोजक, जिला सागर को नियुक्त किया गया था.

श्री रूप सिंह यादव, अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/अतिरिक्त लोक अभियोजक, जिला सागर की आयु 62 वर्ष की आयु पूर्ण हो जाने के कारण उन्हें राज्य शासन, विधि विभाग नियमावली 2008 के नियम 20 के अंतर्गत आदेश जारी होने के दिनांक से तत्काल पदमुक्त करता है.

फा. क्र.-1-बी-33-2004-इक्कीस-ब (दो).—राज्य शासन, इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 19 अगस्त 2004 द्वारा नियुक्त श्री मनोज सक्सेना, अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/अतिरिक्त लोक अभियोजक, सीहोर के कार्यकाल दिनांक 19 अगस्त 2010 को समाप्त होने के पश्चात् उन्हें दिनांक 19 अगस्त 2010 से 18 अगस्त 2013 तक में तीन वर्ष की अवधि हेतु पुनर्नियुक्त इस शर्त के अधीन किया जाता है कि यह नियुक्ति एक माह का सूचना-पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

(**टीप**:—श्री मनोज सक्सेना की जन्म तिथि 26-12-1969 छब्बीस दिसम्बर उन्नीस सौ उनहत्तर है और उनकी आयु 62 वर्ष अवधि दिनांक 26-12-2031 छब्बीस दिसम्बर दो हजार इक्तीस को पूर्ण होगी.)

भोपाल, दिनांक 13 जुलाई 2012

फा. क्र.-1-बी-14-2004-इक्कीस-ब (दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा-24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री सुधीर माधव शुक्ल, पुत्र श्री माधव पद्मनाभ शुक्ल, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये बालाघाट सत्र खण्ड के बालाघाट राजस्व जिले के लिये अति. लोक अभियोजक, बालाघाट नियुक्त करता है. तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना-पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जी सकती है.

(टीप:—श्री सुधीर माधव शुक्ल की जन्म तिथि 08-02-1953 आठ फरवरी उन्नीस सौ तिरेपन अनुसार उनकी आयु 62 वर्ष अवधि दिनांक 08-02-2015 आठ फरवरी दो हजार पन्द्रह को पूर्ण होगी.)

फा. क्र.-1(बी)-14-2004-इक्कीस-ब (दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा-24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा श्रीमती अनिता खरे, पुत्री स्व. श्री श्याम मोहन खरे अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये बालाघाट सत्र खण्ड के बालाघाट राजस्व जिले के लिये लोक अभियोजक, बालाघाट नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना-पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

(टीप:—श्रीमती अनिता खरे की जन्म तिथि 20-03-1959 बीस मार्च उन्नीस सौ उनसठ अनुसार उनकी आयु 62 वर्ष अवधि दिनांक 20-03-2021 बीस मार्च दो हजार इक्कीस को पूर्ण होगी.)

फा. क्र.-1(बी)-14-2004-इक्कीस-ब (दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा-24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन एतद्द्वारा श्री एस. मुकुन्द राव, पुत्र स्व. श्री यादोराव, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये बालाघाट सत्र खण्ड के बालाघाट राजस्व जिले के लिये अति. लोक अभियोजक, बारासिवनी नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना-पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

(टीप:—श्री एस. मुकुन्द राव की जन्म तिथि 09-05-1955 नौ मई उन्नीस सौ पचपन अनुसार उनकी आयु 62 वर्ष अवधि दिनांक 09-05-2017 नौ मई दो हजार सत्रह को पूर्ण होगी.)

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिल वर्मा, सचिव.

पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 06 जुलाई 2012

क्र. एफ-4-3-2012-चौवन-1.—मध्यप्रदेश शासन, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग की कल्याणकारी योजनाओं के संचालन हेतु समस्त जिलों में सहायक संचालक, कार्यालय की स्थापना का निर्णय लिया गया है. जुलाई 2012 से ये कार्यालय प्रारंभ होंगे. कलेक्टरों द्वारा इस हेतु स्थान भी आरक्षित कर लिये गये हैं. लिपिक एवं लेखा स्तर के कर्मचारी पूर्व से ही पदस्थ है. निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि सहायक संचालक का प्रभार जिलों में वर्तमान में कार्यरत सहायक आयुक्त/जिला संयोजक, आदिम जाति अनुसूचित जाति कल्याण विभाग अथवा किसी अन्य अधिकारी को दिलाकर कार्यालय प्रारंभ करावें सहायक संचालकों एवं निरीक्षकों के पदस्थापना आदेश पृथक से शीघ्र जारी किये जा रहे हैं. जिला कार्यालयों द्वारा संपादित किये जाने वाले कार्य संलग्न परिशिष्ट ''अ'' में दर्शित हैं. कार्यालय प्रारंभ करने की सूचना कृपया लौटती डाक से देवें.

संलग्न—परिशिष्ट ''अ''

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी.एस. खैरवार, उपसचिव.

परिशिष्ट—''अ''

नवीन सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय के अंतर्गत संपादित किये जाने वाले कार्य

समस्त जिलों में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के स्वतंत्र रूप से सहायक संचालक कार्यालय स्थापित किये गये हैं इस कार्यालय के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य संपादित किये जायेंगे:—

(1) पिछड़ा वर्ग स्व. रामजी महाजन सेवा राज्य पुरस्कार योजना.

(2) पिछड़ा वर्ग राज्य स्तरीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र के आवेदन-पत्र एकत्रित करना.

(3) मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग से संबंधित कार्य.

(4) मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम से संबंधित समस्त कार्य.

(5) पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति के आवेदन एकत्रित करना.

(6) मध्यप्रदेश राज्य अल्पसंख्यक आयोग से संबंधित कार्य.

(7) मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड अंतर्गत जिला स्तरीय समितियों से संबंधित कार्य.

(8) राज्य में वक्फ संपत्तियों के सर्वे कार्य से संबंधित समस्त कार्य.

(9) मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य सलाहकार मण्डल के निर्णयों पर कार्यवाही.

(10) जिला स्तरीय पिछड़ा वर्ग सलाहकार समितियों से संबंधित कार्य.

(11) अल्पसंख्यकों के 15 सूत्रीय राज्य अल्पसंख्यक कल्याण समितियों का गठन तथा बैठकें.

(12) पिछड़े वर्ग शिक्षित युवक-युवतियों को रोजगार गारंटी योजना.

(13) मुख्यालय स्तर से स्वीकृत की जाने वाली अल्पसंख्यक वर्ग की छात्रवृत्तियों के आवेदन एकत्रित करना एवं चेक वितरित करना.

(14) पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास प्रशासन.

(15) पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास प्रशासन.

(16) पिछड़ा वर्ग मेघावी विद्यार्थी छात्रवृत्ति योजना.

(17) पिछड़ा वर्ग प्री मैट्रिक/पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति.

(18) पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति.

(19) पिछड़ा वर्ग छात्रगृह योजना.

(20) संघ एवं लोक सेवा आयोग की परीक्षा हेतु प्रोत्साहन योजना.

(21) मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग स्वरोजगार योजना के प्रस्तावानुसार प्रकरण तैयार करना.

(22) मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना के प्रस्तावानुसार प्रकरण तैयार करना.

(23) पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण-पत्रों का लेमिनेशन.

(24) चर्च एवं दरगाह को सहायक अनुदान योजना.

(25) व्यवसायिक परीक्षा हेतु परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण योजना.

(26) छात्रावास भवन निर्माण योजना.

(27) पिछड़े वर्ग विद्यार्थियों को व्यवसायिक परीक्षा हेतु प्रोत्साहन योजना.

(28) जिला स्तर पर वक्फ समितियों का सर्वेक्षण कार्य.

(29) जिला स्तरीय अल्पसंख्यक कल्याण समितियॉ.

(30) अल्पसंख्यक प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति.

(31) अल्पसंख्यक पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति.

(32) अल्पसंख्यक मेरिट-कम-मीन्स छात्रवृत्ति.

(33) अल्पसंख्यक कन्या छात्रावास.

(34) अल्पसंख्यक सेवा राज्य पुरस्कार.

2. इसके अतिरिक्त समय-समय पर शासन, आयुक्त एवं कलेक्टर द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य सहायक संचालकों द्वारा संपादित किये जावेंगे.

धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 3 जुलाई 2012

क्र. एफ-7-4-2012-छ:.—मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना-नियम 2012 के नियम 21 के अंतर्गत श्री राजेश प्रसाद मिश्र, उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग को आगामी आदेश तक, संचालक, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना नियुक्त किया जाता है.

बसंत प्रताप सिंह, प्रमुख सचिव.

जेल विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 7 जुलाई 2012

क्र. एफ-06-16-2002-तीन-जेल.—जेल प्रिजन्स एक्ट 1894 की धारा-(3) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन, एतद्द्वारा नीलम पार्क, जहाँगीराबाद, भोपाल एवं यादगार ऐ शाहजंहानी पार्क, भोपाल को दिनांक 16 जुलाई, 2012 से 27 जुलाई, 2012 तक के लिए अस्थाई जेल घोषित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

दशरथ कुमार, उपसचिव.

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 9 जुलाई 2012

क्र. डी-15-15-2012-चौदह-3.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972, (क्रमांक 24 सन् 1973), की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये राज्य सरकार एतद्द्वारा

उक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिये, उक्त अधिनियम की अनुसूची में विर्निदिष्ट की गई कृषि उपज का क्रय-विक्रय करने के लिये जबलपुर जिले के तहसील पाटन में समाविष्ट समस्त राजस्व एवं वन ग्रामों के क्षेत्र में क्रय-विक्रय का विनियमन करने के लिये तहसील पाटन में मंडी स्थापित करने के अपने आशय की घोषणा करती है.

किसी भी ऐसी आपत्ति या सुझाव पर जो लिखित में किसी भी व्यक्ति से इस अधिसूचना के "मध्यप्रदेश राजपत्र" में प्रकाशित होने के दिनांक से 6 सप्ताह की कालावधि के भीतर प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, भोपाल को प्राप्त हो, राज्य सरकार द्वारा विचार किया जावेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

भोपाल, दिनांक 9 जुलाई 2012

क्रमांक डी-15-15-2012-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 9 जुलाई 2012 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

Bhopal, the 9th July 2012

No.-D-15-15-2012-XIV-3.—WHEREAS in exercise of the powers conferred by the sub-section (1) of Section 3 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam 1972, (No. 24 of 1973), the State Government hereby declares its intention to establish a market at Tehsil Patan for regulating the purchase and sale of agricultural produce mentioned in the Schdule of the said Act, including all revenue and forest villages of the area of Tehsil Patan of Jabalpur district.

Any objection which may be received in writing by the Principal Secretary to Government of Madhya Pradesh, Farmer Welfare and Agriculture Development Department, Bhopal from any person with respect to this Notification within Six weeks from the date of publication of this Notification in the "Madhya Pradesh Gazette" will be considered by the State Government.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
HEMRAJ SINGH, Under Secy.

भोपाल, दिनांक 9 जुलाई 2012

क्र. डी-15-15-2012-चौदह-3.—चूंकि राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1960 (क्रमांक 19 सन् 1960), की धारा 3 की उपधारा (3) के अधीन जारी की गई इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 10 अगस्त, 1976 द्वारा जबलपुर जिले की शहपुरा तहसील के क्षेत्र में (जो इसमें इसके पश्चात "उक्त मंडी क्षेत्र" के नाम से निर्दिष्ट है), उक्त अधिसूचना में निर्दिष्ट कृषि उपजों के क्रय-विक्रय को विनियमित किया था.

और चूंकि, उक्त मंडी क्षेत्र में से तहसील पाटन के समस्त राजस्व एवं वन ग्रामों के समाविष्ट क्षेत्र (जो इसमें इसके पश्चात उक्त क्षेत्र के नाम से निर्दिष्ट है) को विपाटित करके "उक्त मंडी क्षेत्र" की सीमाओं में परिवर्तन करना प्रस्तावित है.

अतएव, मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 70 की उप धारा (1) के खण्ड (तीन) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये राज्य सरकार, एतद्द्वारा "उक्त मंडी क्षेत्र" में "उक्त क्षेत्र" को विपाटित करके मंडी क्षेत्र की सीमाओं में परिवर्तन करने के अपने आशय को संज्ञापित करती है.

किसी भी ऐसी आपत्ति या सुझाव पर जो लिखित में किसी भी व्यक्ति से इस अधिसूचना के "मध्यप्रदेश राजपत्र" में प्रकाशित होने के दिनांक से 6 सप्ताह की कालावधि के भीतर प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, भोपाल को प्राप्त हो, राज्य सरकार द्वारा विचार किया जावेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

भोपाल, दिनांक 9 जुलाई 2012

क्रमांक डी-15-15-2012-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 9 जुलाई 2012 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

Bhopal, the 9th July 2012

No.-D-15-15-2012-XIV-3.—WHEREAS, by this department Notification even dated 10th August, 1976 issued uuder the Section 3 of sub section (3) of the Madhya Pradesh Agricultural produce market Act, 1960 (No. 19 of 1960), the State Government regulated the purchase and sale of the Agricultural produce specified in the said notification in the area of Shahpura Tehsil of Jabalpur District (here in after referred to as the "said market area.").

And where as it is now proposed to alter the limits of the said market area by split up here with the area comprising of Patan Tehsil of Jabalpur District. (here in after referred to as the "said area").

Now, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by clause (iii) of sub-section (1) of Section 70 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government here by signifies its intention to alter the limit of the said market area by splitting up as per the "said area".

Any objection which may be received in writing by the Principal Secretary to Government of Madhya Pradesh, Farmar Welfare and Agriculture Development Department, Bhopal from any person with respect to this Notification within Six weeks from the date of publication of this Notification in the "Madhya Pradesh Gazette" will be considered by the State Government.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
HEMRAJ SINGH, Under Secy.

भोपाल, दिनांक 9 जुलाई 2012

क्र. डी-15-14-2012-चौदह-3.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 5 की उपधारा (2) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये राज्य सरकार एतद्द्वारा, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना क्रमांक डी-15-3-2006, दिनांक 10 जुलाई 2006 द्वारा स्थापित कृषि उपज मंडी समिति पवई के मंडी क्षेत्र के निम्नलिखित संरचना, अहाता, खुला स्थान या परिक्षेत्र को मंडी प्रांगण घोषित करती है:—

स्थान

नगर पंचायत पवई, तहसील पवई, जिला पन्ना के निम्नलिखित खसरा क्रमांकों के रकबा 6.51 हेक्टेयर भूमि का क्षेत्र:—

क्रमांक	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हे.में.)
1	6198, पवई	0.43
2	611, जूही	1.56
3	619, जूही	1.21
4	620, जूही	1.25
5	437/2, जूही	0.90
6	612, जूही	0.72
7	613/2, जूही	0.17
8	610, जूही	0.27
	योग . .	6.51

जिसकी सीमाएं

उत्तर में—श्री रतना आदिवासी की भूमि.
दक्षिण में—श्री भौदा यादव की भूमि.
पूर्व में—पवई कटनी रोड.
पश्चिम में—श्री रंधीर यादव की भूमि.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

भोपाल, दिनांक 9 जुलाई 2012

क्रमांक डी-15-14-2012-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 9 जुलाई 2012 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

Bhopal, the 9th July 2012

No.-D-15-14-2012-XIV-3.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (2) of Section 5 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government hereby declare the following areas including all structures, enclosure, open places or locality in the market area for which a market at Pawai has been established by this department's Notification even no. D-15-3-2006-XIV-3, dated 10th July, 2006 shall be market yard namely:—

PLACE

An area of 6.51 hectare land of below mentioned Khasra number at Nagar Panchayat Pawai in Tehsil Pawai of District Panna.

S. No.	Khasra No.	Area (In Hectare)
1	6198, Pawai	0.43
2	611, Juhi	1.56
3	619, Juhi	1.21
4	620, Juhi	1.25
5	437/2, Juhi	0.90
6	612, Juhi	0.72
7	613/2, Juhi	0.17
8	610, Juhi	0.27
	Total . .	6.51

BOUNDED BY

On the North by—Land of Shri Ratna Schedule trive.

On the South by—Land of Shri Bhouda Yadav.

On the East by—Pawai-Katani Road.

On the west by—Land of Shri Randhir.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
HEMRAJ SINGH, Under Secy.

भोपाल, दिनांक 9 जुलाई 2012

क्र. डी-15-14-2012-चौदह-3.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 5 की उपधारा (2) के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 2012 के द्वारा घोषित मंडी प्रांगण के संबंध में मंडी समिति पवई, जिला पन्ना के निम्नलिखित क्षेत्र को मंडी क्षेत्र घोषित करती है:—

क्षेत्र

(1) नगर पंचायत पवई, तहसील पवई, जिला पन्ना की सीमाओं के भीतर का क्षेत्र.

(2) मंडी प्रांगण से 5 किलो मीटर की परिधि के भीतर आने वाले निम्नलिखित ग्रामों को समाविष्ट करता हुआ क्षेत्र:—

(1) बिरहा (2) हड़ा (3) जूही (4) शिकारपुरा (5) पवई (6) सुनादर (7) उमरिया (8) हिनौता (9) करही (10) जगनपुरा (11) मड़ैयन.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

भोपाल, दिनांक 9 जुलाई 2012

क्रमांक डी-15-2012-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 9 जुलाई 2012 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

Bhopal, the 9th July 2012

No.-D-15-14-2012-XIV-3.—In exercise of the powers conferred by clause (b) of sub-section (2) of Section 5 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government hereby declare that in the relation to the market yard *vide* this department notification even number dated 9th July 2012 the following area of Pawai of District Panna shall be market area:—

AREA

(1) An area within the limit of Nagar Panchayat Pawai in Tehsil Pawai of District Panna.

(2) An area comprising of the following villages within the radious of 5 Kilometers from the market yard namely:—

(1) Birha (2) Hada (3) Juhi (4) Sikarpura (5) Pawai (6) Sunadar (7) Umariya (8) Hinouta (9) Karhi (10) Jaganpura (11) Madaiyan.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,

HEMRAJ SINGH, Under Secy.

भोपाल, दिनांक 12 जुलाई 2012

क्र. डी-15-11-2005-चौदह-3.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 69 की उपधारा (1) एवं (2) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुये, पूर्व में जारी इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक डी-15-11-2005-चौदह-3, दिनांक 18 दिसम्बर 2009, जो राजपत्र में प्रकाशित हुई है की शर्तों एवं निबंधों के अधीन राज्य सरकार, एतद्द्वारा, ऐसी अधिसूचित कृषि उपज उड़द/उरदा, मूंग, तुअर/अरहर, चना, मसूर एवं मटर/बटरा/बटरी, जो कि विदेशों से एवं या राज्य के बाहर से किसी मण्डी क्षेत्र मे प्रसंस्करण में उपयोग के लिये लाई गई हो, पर उक्त अधिनियम के अधीन देय मंडी फीस के भुगतान से पूर्णत: छूट प्रदान करती है.

मंडी फीस के भुगतान से यह छूट इस अधिसूचना के "राजपत्र" में प्रकाशन की दिनांक से आगामी केवल एक वर्ष के लिये प्रवृत्त होगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

भोपाल, दिनांक 12 जुलाई 2012

क्रमांक डी-15-58-2010-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 12 जुलाई 2012 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

Bhopal, the 12th July 2012

No.-D-15-11-2005-XIV-3.—In exercise of the powers conferred sub-section (1) and (2) of Section 69 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government hereby, subject to the conditions specified in this department's notification No. D-15-11-2005-XIV-3, dated 18th December 2009 published in the "Gazette", exempt, notified agricultural produce Urad/Urda, Mung, Tuar/Arhar, Chana, Masoor and Mattar/Batra/Batri, from payment of whole market fee payable under the said Act, which is brought from foreign and or out of the State for processing in the Dal-Mills established in the markest area.

This notification for exemption from payment of market fee shall come in to force for a period of only one year from the date of publication in "Gazette".

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,

HEMRAJ SINGH, Under Secy.

राजस्व विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 21 अक्टूबर 2012

एफ क्र.-15-11-2011-सात-6.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (क्रं. 20, सन् 1959) की धारा 108 में निहित शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार निदेश देती है, कि नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में वर्णित ग्राम के लिए, उसके कॉलम (5) में वर्णित अधिकारी द्वारा अधिकार अभिलेख तैयार किया जाए:—

अनुसूची

तहसील निवाली, जिला बड़वानी

क्र. (1)	गांव/गांवों का नाम (2)	प. ह. नं. (3)	तहसील (4)	अधिकार अभिलेख तैयार करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी का नाम (5)
1	ग्राम तलाव का वनभाग	पुराना 2 नया 9	निवाली	अधीक्षक, भू-अभिलेख, बड़वानी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक गुप्ता, अपर सचिव.

भोपाल, दिनांक 21 अक्टूबर 2012

पृ. क्रं. एफ क्र. 15-11-2011-सात-6.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 15-11-2011-सात-6, दिनांक 21 अक्टूबर 2011 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक गुप्ता, अपर सचिव.

Bhopal, the 21st October 2012

F. No. 15-11-2011-Seven-6.—In exercise of the powers vested under section 108 of the Madhya Pradesh Land Revenue Code, 1959 (No. 20 of 1959), the State Government directs that a record of rights shall be prepared for the village mentioned in column (2) of the Schedule below by the Officer mentioned in column (5) there of:—

SCHEDULE

Tehsil—Niwali, District Barwani

S. No. (1)	Name of villages (2)	P.C. No. (3)	Tahsil (4)	Designation of the Officer authorized to prepare record of rights (5)
1	Forest area of village Talav	Old 2 New 9	Niwali	Superintendent of Land Record, Bawani.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,

ASHOK GUPTA, Addl. Secy.

भोपाल, दिनांक 8 फरवरी 2012

एफ क्र. 15-2-2011-सात-6.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (क्र. 20 सन् 1959) की धारा 108 में निहित शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार निदेश देती है, कि नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में वर्णित ग्राम के लिए, उसके कॉलम (5) में

वर्णित अधिकारी द्वारा अधिकार अभिलेख तैयार किया जाए:—

अनुसूची

जिला—नरसिंहपुर

क्र. (1)	गांव/गांवों का नाम (2)	प. ह. नं. (3)	तहसील (4)	अधिकार अभिलेख तैयार करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी का नाम (5)
1	पहाड़ीखेड़ा	67	गोटेगांव	अधीक्षक, भू-अभिलेख, नरसिंहपुर
2	खापा	1	नरसिंहपुर	
3	मेहगुंवा	1	-,,-	
4	डुंगरिया	78	-,,-	
5	विक्रमनगर	82	-,,-	
6	भिलमाढाना	85	गाडरवारा	
7	हींगपानी	85	-,,-	
8	कोटरी	85	-,,-	
9	भैंसा	53	-,,-	
10	गनेशनगर	53	-,,-	
11	जामगांव	53	-,,-	
12	मुकुन्दा	53	-,,-	

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनोज श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 8 फरवरी 2012

पृ. क्रं. एफ क्र.-15-2-2011-सात-6.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 15-2-2011-सात-6, दिनांक 8 फरवरी 2012 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनोज श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव.

Bhopal, the 8th February 2012

F. No. 15-2-2011-Seven-6.—In exercise of the powers vested under section 108 of the Madhya Pradesh Land Revenue Code, 1959 (No. 20 of 1959), the State Government directs that a record of rights shall be prepared for the villages mentioned in column (2) of the Schedule below by the Officer mentioned in column (5) there of:—

SCHEDULE

District—Narsinghpur

S. No. (1)	Name of villages (2)	P.C. No. (3)	Tahsil (4)	Designation of the Officer authorized to prepare records of rights (5)
1	Pahadikheda	67	Gotegaon	Superintendent of Land Records, Narsinghpur
2	Khapa	1	Narsinghpur	
3	Mehguan	1	-,,-	
4	Dungaria	78	-,,-	
5	Vikramnagar	82	-,,-	
6	Bhimadhana	85	Gadarwara	
7	Heengpani	85	-,,-	
8	Kotri	85	-,,-	
9	Bhainsa	53	-,,-	
10	Ganeshnagar	53	-,,-	
11	Jamgaon	53	-,,-	
12	Mukunda	53	-,,-	

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
MANOJ SHRIVASTAVA, Principal Secy.

आवास एवं पर्यावरण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 5 जुलाई 2012

क्र. एफ-3-66-2011-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 23 ''क'' की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस विभाग की सूचना क्रमांक एफ-3-66-2011 बत्तीस, दिनांक 18 अप्रैल 2012 द्वारा उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार प्रकाशित जबलपुर विकास योजना 2021 में निम्नलिखित उपांतरण की पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे निम्नानुसार है:—

उपांतरण विवरण

क्रमांक	ग्राम	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (व. मी. में)	विकास योजना में निर्दिष्ट भूमि उपयोग	उपांतरण पश्चात् उपांतरित भूमि उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	ग्राम-गोहलपुर	102	8.50 एकड़ (34400 व.मी.) भूमि में से 26645 व.मी.	वाणिज्यिक	औद्योगिक
			कुल योग . 26645		

2. उपरोक्त उपांतरण जबलपुर विकास योजना 2021 का एकीकृत भाग होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

महिला एवं बाल विकास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 7 जुलाई 2012

क्र. 1583-1164-12-पचास-2.—किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000 की धारा 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार, एतद्द्वारा (क) नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट बाल कल्याण समिति का, उसके (अनुसूची के) कॉलम (3) में की तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट क्षेत्रों के लिये गठन करती है, और (ख) उसके (अनुसूची के) कॉलम (4) में की तत्स्थानी प्रविष्टि में वर्णित व्यक्तियों को नियुक्त करती है:—

अनुसूची

अ. क्र.	बाल कल्याण समिति के मुख्यालय का जिला	अधिकारिता के अंतर्गत आने वाले (राजस्व-जिले)	अवैतनिक सामाजिक कार्यकर्ताओं के नाम	
(1)	(2)	(3)	(4)	
1.	छतरपुर	छतरपुर	1. श्रीमती भाग्यश्री नातू	अध्यक्ष
			2. डॉ. जगदीश चौरसिया	सदस्य
			3. श्रीमती निशि सिंह	सदस्य
			4. श्री भागीरथ चौरसिया	सदस्य
			5. श्रीमती सुनीता निगम	सदस्य
2.	छिंदवाड़ा	छिंदवाड़ा	1. श्यामल राव	सदस्य
			2. कु. शबनम खान	सदस्य

1583-1164-12-L-2.—In cexercise of the power conderred by sub-section (1) and (2) of the Section 29 of the Juvenile Justice (Care & Protection of children) Act 2000, the State Government hereby constitute the following Child Welfare committee as specified in column (2) of the Schedule below, for the District as specified in the column (3) and appoints Socail Workers as specified in Column (4) respectively, thereof for the purposes of exercising the powers and discharging the duties conferred on such committees under the said Act, namely:—

SCHEDULE

S. No.	Name of the Child Welfare Committees & its District Head Quarter	Jurisdiction (Revenue District)	Name of the Honorary Social Workers	
(1)	(2)	(3)	(4)	
1.	Chatarpur	Chatarpur	1. Smt. Bhagyashri Natu	Chair Person
			2. Dr. Jagdish Chaurasiya	Member
			3. Smt. Nishi Singh	Member
			4. Shri Bhagirath Chaurasiya	Member
			5. Smt. Sunita Nigam	Member
2.	Chindawada	Chindawada	1. Shri Shyamal Rao	Member
			2. Ku. Shabnam Khan	Member

क्र. 1583-1164-12-पचास-2.—किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000 की धारा 4 की उपधारा (1) तथा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार, एतद्द्वारा नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में यथाविनिर्दिष्ट निम्नलिखित किशोर न्याय बोर्ड का गठन, कॉलम (3) में यथाविनिर्दिष्ट जिलों के लिये करती है और उक्त अधिनियम के अधीन ऐसे बोर्ड को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने तथा कर्त्तव्यों का निवर्हन करने के प्रयोजनों के लिए, उसके (अनुसूची के) क्रमशः (4) में यथाविनिर्दिष्ट सामाजिक कार्यकर्ताओं को नियुक्त करती है अर्थात्:—

अनुसूची

क्र.	किशोर न्याय बोर्ड ओर उसका मुख्यालय	जिलों के नाम	सामाजिक कार्यकर्ताओं के नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	छतरपुर	छतरपुर	1. श्री कन्हैयालाल गुप्ता
			2. कु. प्रमिला पाण्डेय
2.	छिंदवाड़ा	छिंदवाड़ा	1. डॉ. के. सी. जैन
3.	नीमच	नीमच	1. श्री देवेन्द्र प्रजापति

No. 1583-1164-12-L-2.—In cexercise of the power conderred by sub-section (1) and (2) of the Section 4 of the Juvenile Justice (Care & Protection of children) Act 2000, the state Government hereby constitute the following Juvenile Justice Boards as specified in the column (2) of the Schedule below, for the Districts as specified in column (3) and appoints Social Workers as specified in the column (4) respectively thereof for the purpose of exercising of the powers and discharging the duties conferred on such boards under the said Act, namely:—

SCHEDULE

S. No.	Name of the Juvenile Justice Board & its Head Quarter	Jurisdiction (Revenue District)	Name of the Honorary Social Workers
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	Chatarpur	Chatarpur	1. Shri Kanhaiyalal Gupta
			2. Ku. Pramila Pandey
2.	Chindawada	Chindawada	1. Dr. K.C.Jain
2.	Neemuch	Neemuch	1. Shri Devendra Prajapati

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. आर. नायडू, प्रमुख सचिव.

संस्कृति विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 7 जुलाई 2012

क्र. एफ-11-8-2012-तीस.—राज्य शासन की यह राय है कि नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट किये गये प्राचीन स्मारक पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष को विनष्ट किये जाने, क्षतिग्रस्त किये जाने, परिवर्तित किये जाने, विरूपित किये जाने, हटाये जाने, तितर-बितर किये जाने या उनका अपक्षय होने से संरक्षित करना आवश्यक है.

2. अतएव, मध्यप्रदेश एन्शीयेन्ट मान्युमेन्ट्स एण्ड आर्क्योलॉजीकल साईट्स एण्ड रिमेन्स एक्ट, 1964 (क्रमांक 12, सन् 1964) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा दो माह पश्चात् उक्त प्राचीन स्मारक को राज्य संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित करने के अपने आशय की सूचना देता है.

3. किसी भी ऐसी आपत्ति पर, जो इस संबंध में उक्त प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष में हित रखने वाले किसी व्यक्ति से इस सूचना के "मध्यप्रदेश राजपत्र" में प्रकाशित होने के दिनांक से एक माह की कालावधि समाप्त होने के पूर्व प्राप्त हो, राज्य शासन द्वारा विचार किया जायेगा :—

अनुसूची

राज्य	जिला	तहसील	स्थल	स्मारक का नाम	राजस्व खण्ड क्रमांक जिसे संरक्षण में सम्मिलित करना है	क्षेत्रफल (हे. में.)	स्वामित्व	धार्मिक पूजा के अधीन है अथवा नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
मध्यप्रदेश	धार	धार	छत्रीपाल क्षेत्र	छत्रियां राजा महाराजाओं की उदाजी पंवार के वंशजों की	870 पैकी आबादी (धार-शहर)	0.379	करणसिंह पंवार एवं उनके वंशजों का स्वामित्व है.	करणसिंह पंवार के वंशजों का शमशान है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
लक्ष्मीकांत द्विवेदी, उपसचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 12 जुलाई 2012

क्र. एफ-3-134-2010-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 23 "क" की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस विभाग की सूचना क्रमांक एफ-3-134-2010 बत्तीस, दिनांक 1 फरवरी 2012 द्वारा उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार प्रकाशित इंदौर विकास योजना 2021 में निम्नलिखित उपांतरण की पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे निम्नानुसार हैं:—

उपांतरण विवरण

क्रमांक	ग्राम	सर्वे क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	विकास योजना में निर्दिष्ट भूमि उपयोग	उपांतरण पश्चात् उपांतरित भू-उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	ग्राम-पिपल्याहाना	526	11.161	आमोद-प्रमोद	सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक
		कुल योग	.11.161	जलाशय	(प्रशासकीय) शर्त-सिंचाई विभाग के तालाब से 30 मीटर हरित क्षेत्र छोड़ने के बाद ही नियमानुसार निर्माण कार्य किया जावे.

2. उपरोक्त उपांतरण जबलपुर विकास योजना 2021 का एकीकृत भाग होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 18 जुलाई 2012

क्र. एफ 1-06-2010-साठ.—मंत्रि-परिषद् की दिनांक 10 जुलाई 2012 को सम्पन्न बैठक में मध्यप्रदेश में सौर ऊर्जा से विद्युत् उत्पादन की परियोजना के क्रियान्वयन हेतु ''सौर ऊर्जा परियोजना नीति, 2012'' का अनुमोदन दिया गया है. सर्वसाधारण की जानकारी के लिये उक्त नीति का प्रकाशन ''मध्यप्रदेश राजपत्र'' में किया जा रहा है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. आर. मोहन्ती, सचिव.

विषय :– मध्य प्रदेश में सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन की परियोजना के क्रियान्वयन हेतु ''सौर ऊर्जा परियोजना नीति 2012''

(1) प्रस्तावना –

किसी भी अर्थ व्यवस्था के विकास में ऊर्जा शक्ति एक प्रमुख स्त्रोत है। पारम्परिक ईंधन, जैसे कि कोयला, तेल, आदि जो विद्युत ऊर्जा के प्राथमिक स्त्रोत रहे हैं, की दीर्घकालीन उपलब्धता चिन्ता का विषय रहा है। इसके अलावा भी, वातावरण में इनके बढ़ते हुए उपयोग से ग्रीन हाऊस गैसों (Green House Gases) की सांद्रता में वृद्धि हुई है, जो वैश्विक तापन (Global Warming) तथा परिणामी जलवायु परिवर्तन (Climate Change) के संबंध में दिनों–दिन बढ़ती हुई चिन्ता का कारण बनती जा रहा है।

मध्यप्रदेश राज्य में ऊर्जा की वर्तमान आवश्यकता पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतों पर अत्यधिक निर्भर करती है। मध्यप्रदेश सरकार ने जलवायु परिवर्तन, वैश्विक ऊष्णता से संबंधित बढ़ती हुई समस्याओं को ध्यान में रखा है व इन समस्याओं के निराकरण की त्वरित आवश्यकता को भी संज्ञान में लिया है। इस दिशा में, मध्यप्रदेश राज्य द्वारा नवकरणीय ऊर्जा का संवर्धन किया जाना मुख्य उपायों में से एक है। वर्तमान में, मध्यप्रदेश राज्य में नवकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा सुरक्षा की पहल का भाग बनाती जा रहीं है।

मध्यप्रदेश राज्य को सम्पूर्ण वर्ष में लगभग 300 सतत स्पष्ट सौर विकिरण दिवस उपलब्ध होने का सौभाग्य प्राप्त है। राज्य में ऐसे अनेकों उत्तम स्थल उपलब्ध हैं जिनसे लगभग 5.5 किलोवाट ऑवर प्रति वर्गमीटर प्रतिदिन से भी अधिक सौर विद्युत उत्पादन की संभावनाएं विद्यमान हैं। मध्यप्रदेश राज्य निवेशकों/विकासकों को विभिन्न नीति संबंधी पहल तथा प्रोत्साहनों के माध्यम से नवकरणीय ऊर्जा आधारित ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना हेतु प्रोत्साहित करता आ रहा है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा गैर–पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतों के माध्यम से मध्यप्रदेश राज्य में बढ़ावा प्रदान करने हेतु प्रोत्साहन नीति (वर्ष 2006) लागू की गई। यह नीति की अवधि माह अक्टूबर, 2011 में समाप्त हो चुकी है। मध्यप्रदेश राज्य में व्यापक अनन्वेषित (Untapped) सौर ऊर्जा की संभावनाओं पर विचार करते हुए, राज्य द्वारा एक पुनरीक्षित निवेशक/विकासक हितैषी नीति प्रतिपादित किये जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। सौर ऊर्जा क्षेत्र की आवश्यकताओं के समस्त पहलुओं को सम्मिलित करते हुए, यह नीति तैयार की गई है जिसमें विद्युत उत्पादन एवं वितरण की विद्यमान वैधानिक स्थिति तथा नियामक ढांचे को ध्यान में रखा गया है।

(2) **नियामक ढांचा (Regulatory Frame Work)** –

अ) विद्युत अधिनियम 2003, जून 2003 से प्रभावशील है, इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कोई भी निजी व्यक्ति अथवा एजेन्सी विद्युत उत्पादन संयंत्र लगाने हेतु स्वतंत्र है तथा उसे पारेषण सुविधा के मुक्त उपयोग (open access) का अधिकार होगा।

ब) मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग, वर्ष 1999 से कार्यशील है तथा आयोग द्वारा समय–समय पर पारित आदेश/नियमन इस नीति के प्रावधानों पर लागू होंगे। इसी प्रकार भारत शासन द्वारा ऊर्जा–प्रक्षेत्र में समय–समय पर पारित किए गए अधिनियम भी इस नीति के प्रावधानों पर लागू होंगे। इस नीति के प्रावधान एवं मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी किए गए आदेश/विनियम के मध्य कोई विसंगति की दशा में मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के आदेश/विनियम लागू होंगे।

(3) **नीति के उद्देश्य (Objectives of the Policy)** –

इस नीति के उद्देश्य निम्नानुसार हैं :

अ) राज्य में सौर ऊर्जा आधारित परियोजनाओं की स्थापना हेतु निजी क्षेत्र की सहभागिता को प्रोत्साहित करना।

ब) निजी क्षेत्र के प्रतिभागियों को दिये जाने वाले प्रोत्साहन एवं लाभ को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना।

स) सौर ऊर्जा परियोजनाओं को प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु अनुकूल वातावरण तैयार करना।

द) नीति के क्रियान्वयन हेतु युक्तियुक्त संरचना का निर्धारण करना।

खण्ड अ

नीति के मार्गदर्शी सिद्धांन्त (Guiding Principles of Policy)

1. **नीति प्रभावशीलता की अवधि (Operative Period)** :

यह नीति मध्यप्रदेश राज्य के राजपत्र में अधिसूचना जारी होने की तिथि से प्रभावशील होगी।

2. **प्रयोज्यता (Applicability)** –

अ) समस्त सौर ऊर्जा आधारित विद्युत, जो परियोजनाओं के विकासकों सौर फोटोवोल्टीय (Solar PV)/सौर ताप (Solar Thermal)} तथा सौर ऊर्जा परियोजनाओं से संबंधित उपकरणों की विनिर्माण इकाईयों या सहायक इकाईयों को इस नीति के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने की पात्रता होगी।

ब) इस नीति के अंतर्गत केवल नये संयंत्रों तथा मशीनों को ही स्थापित किये जाने की पात्रता होगी।

3. **प्रतिभागिता (Participation)** –

इस नीति के अंतर्गत, सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिये किसी भी व्यक्ति/फर्म/सोसायटी/संस्था/पंजीकृत कम्पनी आदि को आवेदन प्रस्तुत करने की पात्रता होगी।

4. **नीति के अंतर्गत सौर परियोजनाओं का वर्गीकरण (Category of Solar Projects Under the Policy) –**

श्रेणी – I (Category I) : म.प्र.राज्य की विद्युत वितरण कंपनियां/एमपी पावर मैनेजमेन्ट कंपनी को विद्युत के विक्रय हेतु प्रतियोगी बोली प्रक्रिया (competitive bidding process) के माध्यम से चयनित परियोजनाएं।

श्रेणी – II (Category II) : राज्य के भीतर या राज्य से बाहर कैप्टिव उपयोग या तृतीय पक्षकार को विद्युत के विक्रय अथवा अन्य राज्यों को मुक्त उपयोग (open access) के माध्यम से ऊर्जा के विक्रय के लिये स्थापित की गई परियोजनाएं।

श्रेणी– III (Category III) : नवकरणीय ऊर्जा प्रमाण–पत्र (Renewable Energy Certificate) पद्धति के अंतर्गत स्थापित की गई परियोजनाएं।

श्रेणी IV (Category IV) : जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय सौर मिशन (Jawaharlal Nehru National Solar Mission) के अंतर्गत आने वाली परियोजनाएं।

5. **लक्ष्य (Target) –**

मध्यप्रदेश राज्य में सौर ऊर्जा आधारित परियोजनाओं के संवर्धन के अपने प्रयासों के अंतर्गत मध्यप्रदेश सरकार निम्न लक्ष्य प्रस्तावित करती है :

(क) **ग्रिड संयोजित परियोजनाएं : (Grid Connected Projects)**

(i) **श्रेणी – I की परियोजनाएं** : मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश राज्य स्थित विद्युत वितरण कंपनियों/एमपी पावर मैनेजमेन्ट कम्पनी को विद्युत विक्रय किये जाने हेतु स्थापित की जाने वाली सौर ऊर्जा परियोजनाओं को प्रोत्साहित करेगा। इस श्रेणी के अंतर्गत कुल क्षमता मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (मप्रविनिआ) द्वारा समय–समय पर निर्दिष्ट नवकरणीय क्रय प्रतिबद्धता (RPO) लक्ष्यों के अनुसार या म0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित क्षमता रखी जाएगी। इन सौर ऊर्जा परियोजनाओं का चयन विद्युत क्रय दर आधारित प्रतियोगी बोली प्रक्रिया (tariff based competitive bidding process) के आधार पर किया जाएगा।

(ii) **श्रेणी– II की परियोजनाएं** : मध्यप्रदेश शासन द्वारा, इस नीति की कण्डिका 6(क) के अंतर्गत एकल परियोजना क्षमता परिसीमाओं के अध्यधीन, सौर ऊर्जा उत्पादकों को कैप्टिव उपयोग हेतु या तृतीय पक्षकार/मध्यप्रदेश राज्य के अलावा अन्य राज्यों को विद्युत के विक्रय हेतु, असीमित क्षमता (unlimited capacity) की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।

(iii) **श्रेणी– III की परियोजनाएं** : मध्यप्रदेश शासन द्वारा नवकरणीय ऊर्जा प्रमाण–पत्र क्रियाविधि (REC Mechanism) के अंतर्गत सौर ऊर्जा उत्पादकों को असीमित क्षमता के ऊर्जा संयत्र स्थापित किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।

(iv) **श्रेणी– IV की परियोजनाएं** : मध्यप्रदेश शासन द्वारा जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय सौर मिशन (JNNSM) के दिशा–निर्देशों के अंतर्गत सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये जाने को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

(ख) **विकेन्द्रीकृत तथा ग्रिड–बाह्य सौर परियोजनाएं** (Decentralized and off - grid Solar Projects) : भारत सरकार, मध्यप्रदेश शासन द्वारा विकेन्द्रीकृत तथा ऑफ ग्रिड सौर ऊर्जा प्रणालियों को प्रोत्साहित किया जायेगा, जिनमें हाईब्रिड प्रणाली के संयंत्र भी शामिल है, को भारत सरकार नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अंतर्गत कार्यवाही होगी।

6. **क्षमता की परिसीमाएं** (Capacity Cap) –

क) **श्रेणी– I की परियोजनाएं** : उपरोक्त कण्डिका 5–क–i के अंतर्गत, प्रत्येक सौर ऊर्जा उत्पादक को ग्रिड संयोजित सौर ऊर्जा संयंत्रों हेतु न्यूनतम तथा अधिकतम परियोजना क्षमता आवंटन मध्यप्रदेश शासन द्वारा समय–समय पर चयन हेतु जारी निवेदन अर्हता प्रपत्र {(Request for Selection (RFS) Qualification Document} के दिशा–निर्देशों के अनुसार किया जाएगा।

ख) **श्रेणी– II की परियोजनाएं** : शासकीय भूमि पर कण्डिका 5–क–ii के अंतर्गत ग्रिड संयोजित सौर ऊर्जा संयंत्रों हेतु प्रत्येक सौर ऊर्जा उत्पादक को न्यूनतम तथा अधिकतम एकल परियोजना क्षमता आवंटन निम्न तालिका के अनुसार होगा। निजी भूमि पर स्थापना हेतु कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी।

सरल क्रमांक	प्रौद्योगिकी	न्यूनतम क्षमता (मेगावाट में)	अधिकतम क्षमता (मेगावाट में)
1	सौर फोटो वोल्टीय (Solar Photo voltaic)	0.025	100
2	सौर ताप (Solar Thermal)	1.00	100

ग) **श्रेणी– III की परियोजनाएं** : केन्द्रीय विद्युत नियामक आयोग (केविनिआ) प्रवर्तित नवकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्र (CERC-REC) के अंतर्गत अधिस्वीकृति (accreditation) हेतु न्यूनतम तथा अधिकतम एकल परियोजना क्षमता आवंटन केविनिआ/मप्रविनिआ द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों/आदेशों/विनियमों के अनुसार होगा।

घ) **श्रेणी– IV की परियोजनाएं** : जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय सौर मिशन (JNNSM) के अंतर्गत स्वीकृत किये गये ग्रिड संयोजित सौर ऊर्जा संयंत्रों हेतु न्यूनतम तथा अधिकतम परियोजना क्षमता आवंटन जेएनएनएसएम द्वारा जारी किये गये दिशा–निर्देशों के अनुसार होगा।

7. **पात्र इकाईयां** (Eligible Units)

क) **श्रेणी– I की परियोजनाएं** : म.प्र. शासन द्वारा सौर ऊर्जा परियोजनाओं के चयन हेतु समय–समय पर विद्युत क्रय दर आधारित प्रतियोगी बोली प्रक्रिया के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किये जाएंगे। सौर परियोजनाओं के प्रत्याशित विकासकों हेतु म.प्र. शासन द्वारा निर्धारित योग्यता मानदण्ड (qualification criteria) निर्धारित किया जाएगा। मूल्यांकन की जाने वाली विशेष जानकारी, उनका परस्पर भारण (weightage) (यदि कोई हो) के संबंध में आवश्यक जानकारी, मूल्यांकन के संबंध में दिशा–निर्देश तथा अन्य विवरणों को योग्यता संबंधी अभिलेख में निर्दिष्ट किया जाएगा, जिन्हें म.प्र. शासन द्वारा तैयार किया जाएगा।

जो परियोजनाओं मध्यप्रदेश राज्य में स्थापित की जायेंगी उन्हे ही इस नीति का लाभ लेने की पात्रता होगी।

ख) **श्रेणी– II की परियोजनाएं** : मध्यप्रदेश शासन द्वारा विकासकों से समय–समय पर, प्रस्ताव आमंत्रित किये जाएंगे। निर्दिष्ट की गई समय–सीमा के अंतर्गत ऐसे विकासक, जो मध्यप्रदेश राज्य में सौर ऊर्जा परियोजनाओं को स्थापित किये जाने के संबंध में प्रस्ताव (प्रत्येक परियोजना के लिए पृथक से) प्रस्तुत करने के इच्छुक हों, वे इन्हें तकनीकी मानदण्डों के साथ, निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन के साथ प्रस्तुत कर सकेंगे। शासकीय भूमि पर स्थापित होने वाली परियोजनाओं से उत्पादित बिजली का कय विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित दर पर कय करने का प्रथम अधिकार म0प्र0 पावर मैनेजमेंट कम्पनी को होगा।

(ii) निजी भूमि पर स्थापित की जाने वाली परियोजनाएं : कोई भी विकासक, जो मध्यप्रदेश राज्य में सौर ऊर्जा (सौर फोटो वोल्टीय/सौर ताप) पर आधारित विद्युत उत्पादन परियोजनाएं निजी भूमि पर स्थापित करने का इच्छुक हों।

(iii) शासकीय भूमि पर स्थापित की जाने वाली परियोजनाएं : शासकीय भूमि पर विकसित की जाने वाली परियोजनाओं के संबंध में प्रत्याशित विकासकों हेतु, म.प्र. शासन द्वारा योग्यता मानदण्डों को निर्धारित किया जाएगा। मूल्यांकन की जाने वाली विशेष जानकारी, उनका परस्पर भारण (weightage) (यदि कोई हो), के संबंध में आवश्यक जानकारी, मूल्यांकन के संबंध में दिशा–निर्देशों तथा अन्य विवरणों को आवेदन प्रक्रिया के पूर्व वेबसाईट पर उपलब्ध कराया जावेगा। ऐसे प्रत्येक आवेदक का मूल्यांकन, प्रत्येक योग्यता मानदण्ड जैसा कि आमंत्रण सूचना में निर्दिष्ट किया गया हो, के विरूद्ध, आमंत्रण सूचना (invitation document) में निर्दिष्ट किया गया हो, किया जाएगा, पात्र विकासकों को उपलब्ध भूमि उनके द्वारा प्रति मेगावाट के आधार पर निशुल्क ऊर्जा प्रदाय की वरियता के अनुसार प्रस्तावित की जायेगी। ऐसे चयनित विकासकों को नीति के अंतर्गत प्रोत्साहन प्राप्त करने की पात्रता होगी।

ग) **श्रेणी – III की परियोजनाएं** : नवकरणीय ऊर्जा प्रमाण–पत्र क्रियाविधि (REC Mechanism) के अंतर्गत सम्मिलित की गई परियोजनाओं को नीतिगत लाभ प्राप्त करने (म.प्र. शासन स्तर पर पंजीकरण कराये जाने के अध्यधीन) की पात्रता होगी जैसा कि इसे केन्द्रीय विद्युत नियामक आयोग–नवकरणीय ऊर्जा प्रमाण–पत्र क्रियाविधि (CERC- REC Mechanism) के अंतर्गत केविनिआ/मप्रविनिआ द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों/ आदेशों/विनियमों के अनुसार अनुज्ञेय किया जाए।

(i) निजी भूमि पर स्थापित की जाने वाली परियोजनाएं : कोई भी विकासक, जो मध्यप्रदेश राज्य में सौर ऊर्जा (सौर फोटो वोल्टीय/सौर ताप) पर आधारित विद्युत उत्पादन परियोजनाएं निजी भूमि पर स्थापित करने का इच्छुक हों।

(ii) शासकीय भूमि पर स्थापित की जाने वाली परियोजनाएं : मध्यप्रदेश शासन द्वारा विकासकों से समय–समय पर, प्रस्ताव आमंत्रित किये जाएंगे। निर्दिष्ट की गई समय–सीमा के अंतर्गत ऐसे विकासक, जो मध्यप्रदेश राज्य में सौर ऊर्जा परियोजनाओं को स्थापित किये जाने के संबंध में प्रस्ताव (प्रत्येक परियोजना के लिए पृथक से) प्रस्तुत करने के इच्छुक हों, वे इन्हें तकनीकी मानदण्डों के साथ, निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन के साथ प्रस्तुत कर सकेंगे।

शासकीय भूमि पर विकसित की जाने वाली परियोजनाओं के संबंध में प्रत्याशित विकासकों हेतु, म.प्र. शासन द्वारा योग्यता मानदण्डों को निर्धारित किया जाएगा। मूल्यांकन की जाने वाली विशेष जानकारी, उनका परस्पर भारण (weightage) (यदि कोई हो), के संबंध में आवश्यक जानकारी, मूल्यांकन के संबंध में दिशा–निर्देशों तथा अन्य विवरणों को आवेदन प्रक्रिया के पूर्व वेबसाईट पर उपलब्ध कराया जावेगा। ऐसे प्रत्येक आवेदक का मूल्यांकन, प्रत्येक योग्यता मानदण्ड जैसा कि आमंत्रण सूचना में निर्दिष्ट किया गया हो, के विरूद्ध, आमंत्रण सूचना (invitation document) में निर्दिष्ट किया गया हो, किया जाएगा, पात्र विकासकों को उपलब्ध भूमि उनके द्वारा प्रति मेगावाट के आधार पर निशुल्क ऊर्जा प्रदाय की वरियता के अनुसार प्रस्तावित की जायेगी। ऐसे चयनित विकासकों को नीति के अंतर्गत प्रोत्साहन प्राप्त करने की पात्रता होगी।

(iii) इस श्रेणी के विकासकों को नीति संबंधी लाभ, जैसे कि अधिकोष करना (banking), चंक्रण (wheeling) आदि, जैसा कि इनका प्रावधान इस नीति के अंतर्गत किया गया है, केविनिआ और/या प्राधिकारियों द्वारा इस संबंध में किये गये उपबंधों के अनुसार प्रयोज्य होंगे।

घ) **श्रेणी IV की परियोजनाएं** : जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय सौर मिशन (JNNSM) द्वारा जारी किये गये मार्गदर्शन के अनुसार होंगे, जैसा कि इन्हें म.प्र. शासन द्वारा समय–समय पर संशोधित किया जाए।

8. **पंजीकरण** (Registration) : पंजीकरण तथा विकासोत्तर गतिविधियों के संबंध में कार्यालय आयुक्त, नवीन तथा नवकरणीय ऊर्जा विभाग, म.प्र. शासन समन्वयन विभाग (Nodal Department)' होगा।

क) विकासकों (जो कि व्यक्ति/कम्पनी/फर्म/सोसायटी/गैर शासकीय संस्थायें, आदि हो सकते है) को पंजीकरण के लिए जो लागू हो, अभिलेख प्रस्तुत करने होंगे :

i. निर्धारित प्रारूप में आवेदन।
ii. कंपनी के मेमोरेण्डम ऑफ आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन/पंजीकृत सोसायटी की उपविधियों की प्रमाणित प्रति।
iii. भागीदारी, विलेख की प्रमाणित प्रतिलिपि।

ख) परियोजना के उपयुक्त पाये जाने पर 15 दिवस के भीतर आदेशिका शुल्क (processing fee) जमा करने का मांग–पत्र (demand note) जारी किया जायेगा और चयनित आवेदक को आदेशिका शुल्क एक लाख रू. प्रति मेगावाट या उसके किसी अंश की दर से मांग पत्र जारी होने की पन्द्रह (15) दिवस की अवधि में जमा कराना होगा तथा परियोजना को पंजीकृत कराना होगा। यह आदेशिका शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा।

ग) निर्धारित समयावधि (15 दिवस में) आदेशिका शुल्क जमा न कराने की स्थिति में परियोजना के अंतर्गत पंजीकरण हेतु संबंधित आवेदक का आवेदन निरस्त माना जायेगा ।

9. **पंजीकरण पश्चात की गतिविधियां** (Post Registration Activities) :

क) परियोजना विकासकर्ता द्वारा निम्नलिखित अभिलेख निर्धारित समय–सीमा (पंजीकरण दिनांक से तीन माह के भीतर) में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किए जाएंगे :–

i. विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (Detailed Project Report-DPR)
ii. भूमि संबंधी दस्तावेज (परियोजना हेतु चिन्हित स्थल)
iii. सी.पी.एम./पर्ट चार्ट (प्रस्तावित परियोजना क्रियान्वयन हेतु)
iv. परियोजना स्थल पर जल की उपलब्धता के आधार पर जल आवंटन आदेश (लागू होने की दशा में) और ग्रिड की स्थिति दर्शाने वाला मानचित्र।
v. मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा, म.प्र. शासन की नीतियों एवं समय–समय पर सक्षम अधिकारियों द्वारा जारी दिशा–निर्देश/अधिसूचनाएं जो सौर आधारित ऊर्जा परियोजना पर लागू हों, का पालन करने का शपथ पत्र।
vi. इस नीति की कण्डिका 10 द्वारा अपेक्षित निष्पादन गारंटी (Performance Guarantee)

ख) **समयावृद्धि** (Extension of time) : यदि पंजीकरण के पश्चात् अपेक्षित गतिविधियों को निर्धारित समय–अवधि के अंतर्गत पूरा करने में विलंब होता है और यह विलंब विकासकर्ता के नियंत्रण से परे परिस्थितियों के कारण हों, तो मध्यप्रदेश शासन द्वारा जैसा कि उचित समझा जाए, समय सीमा का विस्तार किया जा सकेगा।

10. **निष्पादन गारंटी** (Performance Guarantee)

क) **श्रेणी I की परियोजनाएं** : यह म.प्र. शासन द्वारा जारी योग्यता/चयन प्रपत्र (Qualification/Selection of document) में निर्दिष्ट–दिशा–निर्देशों के अनुसार जमा करनी होगी।

ख) **श्रेणी II की परियोजनाएं तथा श्रेणी III की परियोजनाएं** :– जिनके द्वारा नीति के अनुसार लाभ प्राप्त किया जाना प्रस्तावित किया गया हो (विकासकर्ता द्वारा निष्पादन बैंक गारंटी जमा की जाएगी) (शासकीय भूमि पर स्थापित की जाने वाली परियोजनाओं हेतु रू. 5.0 लाख प्रति मेगावाट या उसका कोई अंश के आधार पर देय होगी। यह निष्पादन गारंटी नवीन तथा नवकरणीय ऊर्जा विभाग (म.प्र. शासन) को देय होगी। यह बैंक गारंटी सौर फोटो–वोल्टीय (पीवी) परियोजनाओं हेतु चौबीस (24) माह तथा सौर ताप परियोजनाओं हेतु 40 (चालीस) माह के लिए विधिमान्य होनी चाहिए।

(i) बैंक गारंटी रांशि की विमुक्ति भिन्न–भिन्न चरणों में उपलब्धियों तथा परियोजना मापदण्डों (Project benchmarks) (कण्डिका 12 के अनुसार) को प्राप्त करने के आधार पर की जायेगी। इस दिशा में म0प्र0 शासन द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।

(ii) विकासकर्ता द्वारा निर्धारित समयबद्ध गतिविधियों के अनुसार प्रगति को प्राप्त करने में असफल होने की दशा में यदि इस नीति के कण्डिका क्र. 13 के प्रावधानों के अनुसार परियोजना निरस्त कर दी जाती है तो निरस्तीकरण के समय शेष बची बैंक गारंटी राजसात कर ली जाएगी और शास्ति के बतौर इसे भुना लिया जाएगा। इस संबंध में मध्यप्रदेश शासन का निर्णय अंतिम होगा।

(iii) यदि राज्य तथा केन्द्र शासन द्वारा स्वीकृति के अभाव में परियोजना की स्थापना संभव न हो तो निष्पादन गारंटी विमुक्त कर दी जाएगी। इस संबंध में मध्यप्रदेश शासन का निर्णय अंतिम होगा।

(iv) यदि परियोजना की स्थापना निजी भूमि पर की जाती है तो विकासकर्ता को निष्पादन गारंटी जमा करने से छूट रहेगी।

11. **प्रशासनिक अनुमोदन** (Administratve Approval) :
प्रावधानों के अनुरूप प्राप्त किये गये आवेदनों का परीक्षण किया जाएगा तथा यदि इन्हें स्वीकार–योग्य पाया जाता है तो ऐसे आवेदनों को समस्त अभिलेखों की प्रस्तुति दिनांक से तीस (30) दिवस की अवधि के भीतर प्रशासकीय अनुमोदन प्रदान किया जाएगा (देखें कण्डिका 8.0)।

12. **अनुमोदन पश्चात की गतिविधियां** (Post Approval activities) :

क) **श्रेणी I की परियोजनाएं** :: इस श्रेणी के अंतर्गत सौर परियोजनाओं को मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी किये गये योग्यता/बोली अभिलेख में निर्दिष्ट की गई समय सीमाओं का कठोरता से पालन करना होगा।

ख) **श्रेणी II की परियोजनाएं तथा श्रेणी III की परियोजनाएं** : जिनके द्वारा नीति के अनुसार लाभ प्राप्त किया जाना प्रस्तावित किया गया है : परियोजना को प्रशासनिक अनुमोदन की तिथि से निम्न दर्शाई गई समय–सीमाओं के भीतर क्रियाशील (कमीशनिंग) करना होगा। प्रगति का अनुश्रवण निम्न उल्लेखित मानदण्डों के अनुसार किया जाएगा –

सौर ऊर्जा परियोजनाओं हेतु मापदण्ड (Benchmarks) **तथा उसकी समय सीमा**

सरल क्रमांक	मापदण्ड	समय सीमा (शून्य दिवस से		निष्पादन गारंटी का प्रतिशत प्रत्यार्पण (%)
		सौर पीवी	सोलर ताप	
1	प्रशासकीय अनुमोदन जारी होने की तिथि	शून्य दिवस	शून्य दिवस	–
2	भूमि का आधिपत्य आदेश/ भूमि उपयोग	3 माह	3 माह	10 प्रतिशत (साक्ष्य प्रस्तुति के पंद्रह दिवस के भीतर)

	का अनुज्ञापत्र/ आवंटन			
3	ऊर्जा क्रय अनुबंध (Power Purchase Agreement)	5 माह	5 माह	20 प्रतिशत (साक्ष्य प्रस्तुति के पंद्रह दिवस के भीतर)
4	वित्तीय प्रबंधन पूर्ण (Financial Closure)	11 माह	11 माह	30 प्रतिशत (साक्ष्य प्रस्तुति के पंद्रह दिवस के भीतर)
5	परियोजना को क्रियाशील किया जाना	17 माह	24 माह	40 प्रतिशत (परियोजना क्रियाशील होने से तीन माह के सफल प्रचालन के उपरांत)

13. **मासिक प्रगति प्रतिवेदन तथा परियोजना निरस्तीकरण** (Monthly Progress Report and Project Cancellation)

क) विकासकर्ता (डेवलपर), पंजीकरण की तिथि से वाणिज्यिक प्रचालन (कमीशनिंग) की तिथि तक मासिक प्रगति प्रतिवेदन निर्धारित प्रारूप में संबंधित दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करेंगे।

ख) प्रगति का मिलान कण्डिका 12.0 में निर्दिष्ट किये गये मानदण्डों तथा समयावधि से किया जाएगा। किसी विलंब या चूक के लिये विकासक से इस संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाएगा। विकासक से स्पष्टीकरण प्राप्त होने पर उसे युक्तियुक्त सुनवाई का अवसर भी प्रदान किया जाएगा तथा म.प्र. शासन द्वारा उचित आदेश पारित किये जाएंगे।

14. **समय वृद्धि** (Extension of time limit)

क) **श्रेणी I की परियोजनाएं** : इस श्रेणी की परियोजनाओं के लिए निर्धारित समय सीमा में कोई भी वृद्धि मध्यप्रदेश शासन द्वारा योग्यता/चयन अभिलेख में निर्दिष्ट किये गये दिशा–निर्देशों के अंतर्गत क्रियान्वित की जाएगी।

ख) **श्रेणी II की परियोजनाएं तथा श्रेणी III की परियोजनाएं** : जिनके द्वारा नीति के अनुसार लाभ प्राप्त किया जाना प्रस्तावित किया गया है :

(i) मध्यप्रदेश शासन द्वारा वित्तीय प्रबंधन की प्राप्ति (Financial Closure) हेतु एक–बार छः (6) माह की समयवृद्धि अनुज्ञेय की जा सकेगी, बशर्ते विकासक द्वारा विलंब के कारणों के लिये विकासक की नियंत्रण से बाहर परिस्थितियां होने का पर्याप्त साक्ष्य प्रदान किया जाए। इसके बाद कोई भी समय–वृद्धि, नवीन तथा नवकरणीय ऊर्जा विभाग के विवेकाधिकार के अध्यधीन प्रदान की जा सकेगी।

(ii) यदि मध्यप्रदेश शासन द्वारा आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने तथा वित्तीय प्रबंधन पूर्ण किये जाने हेतु मूल अवधि में समय वृद्धि की सहमति प्रदान की जाती है तो अनुसूचित वाणिज्यिक प्रचालन तिथि (scheduled commercial operation date) जैसा कि इसका उल्लेख पूर्व में दर्शाई गई कंडिका 12.0 में किया गया है, में भी तदनुसार वृद्धि की जाएगी।

15. **विद्युत विक्रय दर** (Tariff)

क) **श्रेणी I की परियोजनाएं** : ऐसी परियोजनाएं, जिनका आवंटन विद्युत विक्रय दर आधारित प्रतियोगिता बोली माध्यम (tariff based competitive bidding route) से मध्यप्रदेश स्थित विद्युत वितरण कंपनियों/एमपी पावर मैनेजमेंट कम्पनी को विद्युत विक्रय के लिए विद्युत क्रय अनुबंध (Power Purchase Agreement) का निष्पादन म.प्र. विद्युत वितरण कंपनियों/एमपी पावर मैनेजमेंट कम्पनी तथा सफल बोलीकर्ताओं (bidders) के मध्य बोली/योग्यता प्रपत्र के उपबंधों

के अनुसार विद्युत विक्रय दर आधारित बोली (tariff based bidding) प्रक्रिया द्वारा निर्धारित की गई विद्युत विक्रय दर के अनुसार किया जाएगा। निर्धारित क्रय दर म.प्र. विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित दरों से अधिक नहीं होगी

ख) **श्रेणी II की परियोजनाएं** : तृतीय पक्षकार विद्युत विक्रय/केप्टिव उपयोग/अन्य राज्यों के लिए विद्युत विक्रय के प्रकरण में, विद्युत क्रय अनुबंध का निष्पादन विद्युत उत्पादक (Power Producer) तथा उपापितकर्ता (Procurer) के मध्य परस्पर सहमत दरों (mutually agreed rates) के आधार पर किया जाएगा।

इस प्रकार के ऊर्जा के अधिकोषण (banking) के लिए एक पृथक अनुबंध म.प्र. विद्युत वितरण कंपनियों/एमपी पावर मैनेजमेंट कम्पनी से निष्पादित किया जाएगा। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड (MPPTCL)/म.प्र. विद्युत वितरण. कंपनियों/या किसी अन्य ग्रिड व्यवस्था या नेटवर्क के साथ, जैसा कि लागु हो, चक्रण अनुबंध (wheeling agreement) पृथक से निष्पादित किया जाएगा।

ग) श्रेणी III की परियोजनाएं : नवकरणीय ऊर्जा प्रमाण–पत्र (Renewal Energy Certificate-REC) क्रियाविधि के अंतर्गत स्थापित किये गये सौर ऊर्जा संयंत्रों के प्रकरणों में वांछित विद्युत क्रय अनुबंध, सौर ऊर्जा उत्पादकों तथा उपाप्तिकर्ता के मध्य केन्द्रीय विद्युत नियामक आयोग और/या मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा इस संबंध में समय–समय पर जारी विनियमों/आदेशों के आधार पर किया जाएगा।

घ) श्रेणी IV की परियोजनाएं : जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय सौर मिशन के अंतर्गत परियोजनाओं के लिये, विद्युत क्रय अनुबंध सौर ऊर्जा उत्पादक तथा उपाप्तिकर्ता एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम और/या म.प्र. विद्युत वितरण कंपनियों/एमपी पावर मैनेजमेंट कम्पनी)/या अन्य के मध्य जेएनएनएसएम द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार होगा।

16. **मीटरीकरण** (Metering)

मापयंत्र उपकरण (Metering Equipment), जैसा कि एमपीपीटीसीएल (MPPTCL) या संबंधी म.प्र. विद्युत वितरण कंपनी द्वारा निर्दिष्ट किया जाए, की स्थापना अन्तर्फलक बिन्दू (intersection point) पर की जाएगी, जो एकत्रीकरण उपकेन्द्र (pooling substation) के उच्चदाब छोर (HV side) पर बहिर्गमन संभरक (outgoing feeder) का लाईन वियोजक (line isolator) होगा। विकासकों द्वारा मापयंत्र उपकरण की स्थापना उनके स्वयं के व्यय पर मीटरीकरण से संबंधित मप्रविनिआ के मीटरीकरण संबंधी विनियमों तथा म.प्र. विद्युत प्रदाय संहिता, 2004 के मानदण्डों तथा उपबंधों के अनुसार की जाएगी। विकासक द्वारा एमपीपीटीसीएल/संबंधित विद्युत वितरण कंपनियों के किसी भी अधिकारी को इनके निरीक्षण हेतु पहुंच की अनुमति प्रदान की जाएगी। स्थापित किये गये मापयंत्र (मीटर) केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (CEA) द्वारा मापयंत्रों की स्थापना तथा प्रचालन से संबंधित जारी किये गये विनियम 'Installation and Operation of Metres' की अर्हताओं के अनुरूप होंगे।

17. **ग्रिड अंर्तसंयोजन तथा विद्युत निकास सुविधा** (Grid Interfacing & Evacuation Facility)

क) विद्युत उत्पादन स्थल से निकटतम उपकेन्द्र (सबस्टेशन) या अंर्तफलक बिन्दु पर संयोजन व्यवस्था जिसमें ट्रान्सफामर पैनल, संरक्षण, मीटरीकरण परियोजना स्थल से निकटतम उपकेन्द्र तक लाईन डाले जाने का कार्य इत्यादि शामिल है का उत्तरदायित्व विकासक का होगा जो मध्यप्रदेश ग्रिड संहिता मध्यप्रदेश विद्युत प्रदाय संहिता 2004 प्रयोज्य म0प्र0 विनिआ तथा केवीनिअ के विनियमों के अंतर्गत यथा संशोधित तकनीकी तथा सुरक्षा मापदण्डों के अनुरूप होगा। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड और/या मप्र राज्य स्थित संबंधित विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा लागत आधार पर कार्य का निष्पादन तथा तत्संबंधी संधारण किया जा सकेगा, जिसका सम्पूर्ण व्यय विकासक को वहन करना होगा। वैकल्पिक तौर पर, विकासक द्वारा उपरोक्त कार्य एमपीपीटीसीएल या विद्युत वितरण कंपनी से अनुमोदन प्राप्ति के आधार पर भी निष्पादित किया जा सकता है जिसके लिये उसे प्रयोज्य पर्यवेक्षण प्रभार चुकाने होंगे। तथापि, एमपीपीटीसीएल और/या संबंधित विद्युत वितरण कंपनी द्वारा,

उपकेन्द्रों, के आवर्धन (augmentation) कार्य का उत्तरदायित्व, यदि यह आवश्यक हो, संभाला जाएगा। उपरोक्त व्यवस्था मप्रविनिआ के अंतिम निर्णय कें अध्यधीन होगा।

ख) विकासक द्वारा तृतीय पक्ष उपभोक्ताओं/वितरण अनुज्ञप्तिधारी/पावर मैनेजमेंट कंपनी को ऊर्जा विक्रय किये जाने संबंधी प्रकरणों में विकासक, एमपीपीटीसीएल/संबंधित विद्युत वितरण कम्पनी को चक्रण तथा पारेषण प्रभारों के भुगतान म.प्र. विद्युत नियामक आयोग के निर्णय के अध्याधीन होगा।

18. **भूमि उपयोग की अनुमति** (Land Use Permission)

क) **भूमि की आवश्यकता** (Land requirement) : मध्यप्रदेश राज्य में सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना हेतु, सौर ऊर्जा उत्पादक की अधिकतम् भूमि उपयोग हेतु शासकीय भूमि आवंटन की अनुमति, यदि उपलब्ध हो तो 3 हेक्टेयर प्रति मेगावाट के अनुसार दी जा सकेगी।

ख) **शर्तें** : शासकीय राजस्व भूमि के आवंटन तथा भूमि उपयोग की अनुमति हेतु राजस्व विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक एफ 16–3/93/सात/2ए दिनांक 06.09.2010 (परिशिष्ट–1) एवं क्र. एफ 6–53/2011/सात/नजूल दिनांक 08.08.2011 (परिशिष्ट–2) में अधिकथित शर्तें लागू होंगी।

शासकीय राजस्व भूमि, राजस्व अभिलेखों में छोटे–बड़े झाड़ के जंगल के रूप में अभिलेखित हुई अथवा राजस्व विभाग के दिये प्रावधानों के अंतर्गत वन भूमि के रूप में परिभाषित हुई हो तो आवेदक वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के प्रावधानों के अंतर्गत सक्षम अधिकारी वन विभाग के माध्यम से अनुमति प्राप्त करना होगा।

ग) **निजी भूमि के क्रय पर स्टाम्प ड्यूटी में छूट** (Stamp duty exemptiom on Purchase of private land) : यदि परियोजना हेतु निजी भूमि का क्रय विकासकर्ता द्वारा किया जाता है, तो स्टाम्प ड्यूटी पर 50 (पचास) प्रतिशत छूट की पात्रता होगी। इस भूमि पर परियोजना संस्थापित नहीं किये जाने पर दी गई छूट वापस ली जाएगी एवं वसूली की कार्यवाही अधिसूचना क्रमांक 70 बी–4–08–2–पॉच, दिनांक 21.08.2008 (परिशिष्ट–3) के अनुसार की जाएगी।

घ) **शासकीय भूमि के उपयोग की अनुमति** (Governmant Land Use Permission) : राजस्व विभाग या राज्य सरकार के अन्य किसी विभाग के स्वामित्व वाली भूमि के प्रकरण में, नवीन तथा नवकरणीय ऊर्जा विभाग, म.प्र. शासन भूमि के संबंध में संबंधित विभाग से भूमि का आधिपत्य प्राप्त करेगा तथा तत्पश्चात उक्त भूमि के उपयोग की अनुमति विकासक, (जिसकी परियोजना को प्रशासकीय अनुमोदन प्रदान किया गया है) को प्रदान करेगा। जानकारी संबंधित जिला कलेक्टर को प्रदान की जाएगी।

इ) **भूमि संबंधी अन्य शर्तें** (Other Land Conditions)

(i) यदि शासकीय भूमि का उपयोग विकासक द्वारा किसी अन्य प्रयोजन हेतु किया जाना पाया जाता है, तो भूमि उपयोग की अनुमति तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी जावेगी। भूमि पर विकासक द्वारा किये गये निर्माण कार्य तथा संयंत्रों को राजसात किया जावेगा तथा मप्र शासन में वेष्ठित (vested) किया गया माना जावेगा।

(ii) राज्य शासन द्वारा अधिकृत कोई व्यक्ति, जिसका पद तहसीलदार से कम न हो, एवं विभाग के अधिकृत अधिकारी के साथ अथवा विभाग के निर्देशानुसार परियोजना स्थल का निरीक्षण तथा परियोजना स्थल के विशिष्ठ उपयोग को सुनिश्चित किये जाने के संबंध में निरीक्षण किया जा सकेगा।

(iii) यदि विकासक जिसे कि सौर संयंत्र स्थापित करने हेतु भूमि उपयोग की अनुमति दी गई है, परियोजना अन्य तृतीय पक्ष के साथ लगाता है तो भूमि के उस भाग की अनुमति जिस पर तृतीय पक्ष द्वारा संयंत्र स्थापित होता है, कि अनुमति राजस्व विभाग

के समान नियम एवं शर्तों पर दी जा सकेगी जिस पर विकासक को भूमि उपयोग की अनुमति दी गई है।

19. **मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग का अनन्य अधिकार**

क. विद्युत अधिनियम, 2003 की प्रबंधन व्यवस्था के अंतर्गत निहित प्रावधानों के अनुसूचीकरण विद्युत विक्रय दर, विद्युत क्रय अनुबंध, चक्रण (wheeling), अधिकोषण (Banking)] वितरण, पारेषण हानि, प्रभारों इत्यादि के संबंध में मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (MPERC) का विशेषाधिकार रहेगा। इसी प्रकार, विद्युत अधिनियम, 2003 में निहित प्रावधानों के अनुसार अपारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों की उन्नति, ऊर्जा की पारेषण सुविधा तथा मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटड (MPPTCL)/पारेषण अनुज्ञप्तिधारी/वितरण अनुज्ञप्तिधारी के मध्य विद्युत क्रय करने का बटवारा इत्यादि मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अधिकार क्षेत्र में रहेगा। इस विषय में मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (MPERC) द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देश, विनियमों/नियमों आदि के पालन हेतु सभी पक्ष बाध्य होंगे।

ख. विकासक एवं शासन की किसी विभाग अथवा मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड/पारेषण अनुज्ञप्तिधारी/वितरण अनुज्ञप्तिधारी के मध्य नीति की व्याख्या संबंधी विवाद की स्थिति में शासन अथवा प्रकरण विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 86 (i) के अंतर्गत मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग की ओर निर्णय हेतु प्रेषित किया जाएगा।

खण्ड–ब
सामान्य प्रावधान

1. **नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा नीति, 2006 के अंतर्गत पंजीकृत सौर परियोजनाओं का प्रत्यार्पण** (Migration of Solar Projects registered under NRSE Policy,2006)

क) **एकल–बार प्रस्ताव** (one-time offer) : ऐसे समस्त सौर परियोजना विकासकों के लिये {(जिनकी परियोजनाएं वर्तमान में नवीन तथा नवकरणीय ऊर्जा नीति, 2006 (NRSE Policy, 2006) के अंतर्गत पंजीकृत हैं, परन्तु क्रियाशील (कमीशन) नहीं हो पाई हैं)} निम्न परियोजना श्रेणियों के अंतर्गत परियोजना विकसित करने का एकल–बार (one-time) प्रस्ताव अवसर प्रदान किया जाएगा। मध्यप्रदेश राजपत्र में इस सौर नीति की अधिसूचना तिथि से दो माह के भीतर, ऐसे विकासकों को लिखित में नवीन तथा नवकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्यप्रदेश शासन को मध्यप्रदेश राज्य में निम्न में से किसी एक श्रेणी में सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित किये जाने के बारे में सूचित करना होगा।

(i) मध्यप्रदेश राज्य की विद्युत वितरण कंपनियों/एमपी पावर मैनेजमेंट कम्पनी को विद्युत विक्रय (श्रेणी– I के अंतर्गत) (Sale to MP Discoms/ MP Tradeco) : सौर ऊर्जा की अधिप्राप्ति (Procurement) हेतु, मध्यप्रदेश राज्य की विद्युत वितरण कंपनियों/एमपी पावर मैनेजमेंट कम्पनी को विक्रय के लिए, ऐसे विकासक जो शासन द्वारा आयोजित विद्युत दर आधारित प्रतिस्पर्धा बोली प्रक्रिया (tariff based competitive bidding process) में सफल होते है, तो परियोजना के सफल आवंटन के उपरांत, वर्तमान सौर नीति के अंतर्गत लाभ प्राप्त किये जाने हेतु पृथक से पंजीकरण कराया जाना आवश्यक नहीं होगा। इस सौर नीति में निर्धारित प्रयोज्य आदेशिका शुल्क (processing fee), देय होगा। ऐसे प्रकरणों में जहां पूर्व में जमा किया गया आदेशिका शुल्क, नवीन नीति के अंतर्गत निर्दिष्ट की गई राशि से अधिक हो, वहां मध्यप्रदेश शासन द्वारा विकासकों को शेष राशि की विमुक्ति (बिना ब्याज के) सौर ऊर्जा परियोजनाओं के सफल आवंटन पर की जाएगी। ऐसे प्रकरणों में जहां प्रारंभिक भुगतान की गई आदेशिका शुल्क की राशि वर्तमान नीति के अंतर्गत निर्दिष्ट की गई राशि से कम हो, वहां विकासक को बकाया राशि वर्तमान नीति के अंतर्गत पंजीकरण हेतु मध्यप्रदेश शासन को सौर ऊर्जा के परियोजना के सफल आवंटन होने के तीस (30) दिवस या इस नीति के अधिसूचित होने के तीस (30) दिवसों के अंदर, जो बाद में हो, करना होगा। असफल बोलीकर्ता

विकासकों के लिखित आवेदन पर प्रारंभिक भुगतान की गई आदेशिका शुल्क की सम्पूर्ण राशि को, बिना किसी ब्याज के, सौर ऊर्जा परियोजना के अंतिम आवंटन की तिथि से 30 दिवस के भीतर या इस नीति के अधिसूचित होने के तीस (30) दिवस जो बाद में हो, वापिस विमुक्त कर दिया जाएगा। यदि प्रतिस्पर्धा में असफल विकासकर्ता निम्न दर्शाई अन्य श्रेणियों के अंतर्गत परियोजना को विकसित करने के इच्छुक हों, तो उन्हें इस लिखित आवेदन सौर ऊर्जा परियोजनाओं की अंतिम आवंटन तिथि से तीस (30) दिवस के अंदर या नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्यप्रदेश शासन को प्रस्तुत करनी होगी।

(ii) कैप्टिव उपयोग तृतीय पक्षकारों/मध्य प्रदेश राज्य के अलावा अन्य राज्यों मुक्त उपयोग के माध्यम से (श्रेणी – II की परियोजनाओं के अंतर्गत) विक्रय (Captive use/direct sale to 3rd party/States other thar Madhya Pradesh through open access) मध्यप्रदेश शासन द्वारा (इस श्रेणी के अंतर्गत) मध्य प्रदेश राज्य में सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित किये जाने बाबत (प्रत्येक परियोजना हेतु पृथक–पृथक) प्रस्ताव आमंत्रित किये जाएंगे, तथापि नीति – 2006 के अंतर्गत पंजीकृत की गई सौर परियोजनाएं में विकासक द्वारा कार्य इस नीति के अंतर्गत प्रारंभ किया जा सकेगा, जिसके लिये उन्हें इस सौर नीति की अधिसूचना जारी होने की तिथि से दो माह के भीतर नवीन तथा नवकरणीय ऊर्जा विभाग को लिखित आवेदन प्रस्तुत करना होगा। ऐसे विकासकों को इस कण्डिका के प्रावधानों के अनुसार तीन माह के अंदर तृतीय पक्षकार विक्रय हेतु विद्युत क्रय अनुबंध (PPA) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

ऐसे प्रकरणों में, जहां पूर्व में की गई आदेशिका शुल्क, नवीन नीति के अंतर्गत निर्दिष्ट की गई राशि से अधिक हो, वहां मध्यप्रदेश शासन द्वारा विकासकों को शेष राशि की (बिना ब्याज के), इस श्रेणी के अंतर्गत सौर परियोजना के विकास हेतु विकासकों से लिखित सूचना प्राप्त होने पर तीस (30) दिवस के भीतर की जाएगी। यद्यपि ऐसे प्रकरणों के अंतर्गत जहां प्रारंभिक भुगतान की गई आदेशिका शुल्क की राशि नवीन नीति के अंतर्गत निर्दिष्ट की गई राशि से अधिक हो, वहां विकासक को बकाया राशि का भुगतान नवीन नीति की अधिसूचना की तिथि से तीस (30) दिवस के अन्दर लिखित आवेदन के साथ, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग को इस श्रेणी के अंतर्गत सौर परियोजना के विकास हेतु करना होगा।

(iii) नवकरणीय ऊर्जा प्रमाण–पत्र क्रियाविधि के अंतर्गत परियोजना के प्रकरण में (श्रेणी – तीन के अंतर्गत) (Project under REC Mechanism) : ऐसे प्रकरणों के अंतर्गत जहां विकासक परियोजनाओं की स्थापना नवकरणीय ऊर्जा प्रमाण–पत्र कार्यविधि के अंतर्गत, इस नीति के प्राप्ति के साथ करना चाहता है। सौर नीति (जैसा कि इसे केविनिआ–नवकरणीय ऊर्जा प्रमाण–पत्र क्रियाविधि के अंतर्गत केविनिआ/मप्रविनिआ द्वारा समय–समय पर जारी किये गये दिशा–निर्देशों/आदेशों/ विनियमों के अनुसार अनुज्ञेय किया गया हो), प्रयोज्य आदेशिका शुल्क (Processing fee) राशि इस सौर नीति में विनिर्दिष्ट के अनुसार देय होगी। ऐसे प्रकरणों में, जहां पूर्व में जमा किया गया आदेशिका शुल्क, नवीन नीति के अंतर्गत निर्दिष्ट की गई राशि से अधिक हो, वहां मध्यप्रदेश शासन द्वारा विकासकों को अबशेष राशि की वापिस (बिना ब्याज के), इस श्रेणी के अंतर्गत सौर परियोजना के विकास हेतु विकासकों से लिखित आवेदन प्राप्त होने पर तीस (30) दिवस के अन्दर की जाएगी। यद्यपि ऐसे प्रकरणों के अंतर्गत जहां प्रारंभिक भुगतान की गई आदेशिका शुल्क की राशि नवीन नीति के अंतर्गत निर्दिष्ट की गई राशि से अधिक हो, वहां विकासक को बकाया राशि का भुगतान इस नीति की अधिसूचना की तिथि से तीस (30) दिवस के अन्दर लिखित आवेदन नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग को इस श्रेणी के अंतर्गत सौर परियोजना के विकास हेतु करना होगा।

यदि ऐसे प्रकरणों में जहां विकासक नवकरणीय ऊर्जा प्रमाण–पत्र क्रियाविधि के अंतर्गत, नीति के अंतर्गत घोषित किये गये लाभों के बगैर, परियोजना स्थापित करने के इच्छुक हों, शासन द्वारा ऐसे विकासकों को उनके द्वारा पूर्व में भुगतान की गई प्रारंभिक आदेशिका

शुल्क (बिना ब्याज के) इस आशय की लिखित सूचना की प्राप्ति के तीस (30) दिवस के भीतर उन्हें विमुक्त कर दी जाएगी।

ख) पंजीकरण का निवर्तन (Withdrawal of Registration) : ऐसे प्रकरणों में जहां सौर परियोजना विकासक नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा नीति 2006 (NRSE Policy, 2006) के अंतर्गत पंजीकृत किये गये हों व जिनकी परियोजना क्रियाशील (कमीशनिंग) नहीं हुई हो तथा अपने पंजीकरण का निवर्तन करने के इच्छुक हों, उन्हें वर्तमान नीति की अधिसूचना की तिथि से दो माह के भीतर नवीन सौर नीति में सहभागिता करने की असमर्थता के बारे में लिखित आवेदन नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग (म.प्र. शासन) को प्रस्तुत किया जाना होगा। मध्यप्रदेश शासन द्वारा ऐसे प्रकरणों में पूर्व में भुगतान की गई पंजीकरण शुल्क की पूर्ण राशि (बिना ब्याज के) ऐसे विकासकों से लिखित आवेदन प्राप्त होने पर (सहभागिता करने की असमर्थता के बारे में) वापिस कर दी जाएगी।

ग) नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा नीति, 2006 (NRSE Policy, 2006) के अंतर्गत सौर ऊर्जा पंजीकृत परियोजनाओं व जो अब तक क्रियाशील नही हुई है के द्वारा उपरोक्तानुसार किसी भी श्रेणी में परियोजना विकास हेतु आवेदन इस नीति के अधिसूचित होने के तीन माह के अंदर यदि नहीं किया जाता है, तो ऐसी परियोजनाओं का पंजीयकरण निरस्त किया गया माना जावेगा। ऐसे प्रकरणों में आदेशिका शुल्क का प्रत्यार्पण (refund) नहीं किया जाएगा।

घ) परियोजना वचनबद्धता तथा समय–सीमा (Project milestones & timelines) : इस नीति के अंतर्गत परियोजनाओं के सफलतापूर्वक प्रत्यर्पण होने पर, प्रत्यर्पित की गई परियोजनाएं इस नीति के अंतर्गत उपबंधों के अनुसार (परियोजना वचनबद्धताओं तथा समय–सीमा को सम्मिलित करते हुए) संचालित की जाएगी।

2. **आवंटित परियोजना का समर्पण** (Surrender of Project Allotment) : अनुबंध निष्पादन के उपरांत, विकासक किसी भी चरण में परियोजना के समर्पण हेतु स्वतंत्र होगा किन्तु ऐसी स्थिति में निष्पादन गारंटी (performance guarantee) राजसात कर ली जाएगी। परन्तु विकासक द्वारा परियोजना का समर्पण उसके नियन्त्रण के बाहर की परिस्थितिवश होगा तो निष्पादन गारन्टी विमुक्त की जा सकेगी।

3. **परियोजना का हस्तानांतरण** (Transfer of Project) : सौर परियोजना विकासक को परियोजना के क्रियाशील (कमीशनिंग) होने के पूर्व नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अनुमोदन के बगैर किसी अन्य विकासक/निवेशक को परियोजना के हस्तानांतरण की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। ऐसे कोई हस्तानांतरण हेतु, रूपये एक लाख प्रतिमेगावाट के शुल्क का भुगतान (अप्रत्यर्पणीय) लागू होगा।

4. **सौर प्रौद्योगिकी पार्को का संवर्धन** (Promotion of Solar Energy Technology Parks) : राज्य शासन द्वारा सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन परियोजनाओं के अन्तर्गत निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सौर ऊर्जा पार्कों की स्थापना हेतु कार्यवाही की जावेगी। इन सौर ऊर्जा पार्कों की स्थापना राज्य शासन द्वारा स्वयं अथवा सार्वजनिक–निजी क्षेत्र सहभागिता (PPP) के माध्यम से की जा सकेगी। सौर प्रणालियों के अंतर्गत उत्पादन तथा विनिर्माण इकाईयों तथा संबंधित सहायक इकाईयों के संवर्धन हेतु सौर प्रौद्योगिकी पार्कों को प्रोत्साहित किया जाएगा तथा मध्यप्रदेश राज्य में उचित स्थानों पर इनकी स्थापना की जाएगी। लघु तथा मध्यम उद्यम क्षेत्र (SME Sector) को सौर प्रणालियों के विभिन्न कलपुर्जो तथा प्रणालियों के विनिर्माण हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा सौर प्रौद्योगिकी पार्कों की स्थापना हेतु भूमि आवंटन तथा अत्यावश्यक सुविधाओं के सृजन हेतु प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। ऐसे सौर प्रौद्योगिकी पार्कों को राज्य की औद्योगिक प्रोत्साहन नीति (Industrial Promotion Policy) (जैसा कि इसे समय–समय पर संशोधित किया जाए) के अंतर्गत सुविधाएं प्राप्त करने की पात्रता भी होगी।

5. **अन्य प्रावधान** (Other Provisions)

क) जीवाश्म ईंधन का उपयोग (Fossil fuel usage) : ग्रिड संयोजित सौर ताप ऊर्जा परियोजनाओं में जीवाश्म ईंधन (जैसे कि कोयला, गैस, लिग्नाईट, नैप्था, डीजल, काष्ठ आदि) के प्रयोग की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। संकर प्रणालियों (hybrid systems) को भारत सरकार के नवीन तथा नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के दिशा–निर्देशों के अनुसार अनुज्ञेय किया जाएगा।

ख) परियोजना निरीक्षण (Project Inspection) : मध्यप्रदेश शासन के अधिकृत अधिकारियों को, जिनका पद कार्यपालन यंत्री से कम ने, पूर्व लिखित सूचना के साथ, ऊर्जा परियोजना की सुरक्षा के आकलन के बारे में परियोजना के निरीक्षण का अधिकार होगा। ऐसे निरीक्षण के दौरान, विकासक द्वारा ऐसे निरीक्षण के निष्पादन में वांछित सहायता तथा सहयोग प्रदान किया जाएगा।

विकासक द्वारा ऊर्जा उत्पादन से संबंधित समस्त अभिलेख, जैसे कि क्षमता, उत्पादन, उत्पादन में गतिरोध, प्रतिबंध आदि संधारित किये जाएंगे तथा निरीक्षण अधिकारियों को समस्त ऐसे अभिलेख निरीक्षण हेतु उपलब्ध कराये जाएंगे।

ग) आंकड़ों का अनुश्रवण तथा प्रस्तुतिकरण (Data monitoring and submission) : नवीन तथा नवकरणीय ऊर्जा विभाग (म.प्र. शासन) के साथ पंजीकृत समस्त ग्रिड संयोजित सौर ऊर्जा परियोजनाओं हेतु विकासकों को सौर प्रदीप्ति (डीएनआई को सम्मिलित करते हुए) {Solar Irradiance (including DNI)}, परिवेशी वायु तापमान (ambient air temperature)] वायुगति (wind speed) तथा अन्य जलवायु विशिष्टताओं (weather parameters) के नियमित अनुश्रवण हेतु उपकरणों की स्थापना की जाएगी तथा इसी के साथ–साथ संयंत्र से उत्पादित विद्युत ऊर्जा की मात्रा के अनुश्रवण की व्यवस्था भी उनके द्वारा की जाएगी। उनके द्वारा इन आंकड़ों को म.प्र. शासन को ऑनलाईन (online) और/या प्रतिवेदन के माध्यम से नियमित आधार पर (मासिक) विद्युत क्रय अनुबंध की सम्पूर्ण अवधि के दौरान प्रस्तुत किया जाएगा।

परियोजना के क्रियाशील (कमीशन) होने के तुरन्त बाद,सौर ऊर्जा परियोजना विकासक को मासिक तथा वार्षिक उत्पादन विवरणों को संबंधित वितरण/पारेषण इकाई से यथोचित सत्यापित करा कर, हार्ड प्रति तथा साफ्ट प्रति में (आनलाईन) नवीन तथा नवकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्यप्रदेश शासन को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

घ) आंकड़ा संकोष (Data bank) : नवीन तथा नवकरणीय विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा एक तकनीकी पुस्तकालय (technical library), एक आंकड़ा संकोष और/या सूचना केन्द्र (information centre) की स्थापना तथा संधारण, सौर ऊर्जा स्त्रोतों से संबंधित जानकारी के संग्रहण तथा सहसंबंध (collect and correlate) स्थापित करने के प्रयोजन से किया जाएगा।

6. यदि विकासक ग्रामीण क्षेत्रों में, जो कि राज्य शासन के परिपत्र क्रमांक 2010–एफ–13–05–13–2006, दिनांक 25 मार्च, 2006 द्वारा अधिसूचित है, ऊर्जा उत्पादन एवं वितरण की योजना तैयार करता है तो उसे ऊर्जा उत्पादन एवं वितरण हेतु अनुज्ञा पत्र लेना आवश्यक नहीं होगा, परन्तु वह केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा निर्धारित विद्युत अधिनियम की धारा 53 में उल्लेखित मापदण्डों के पालन हेतु बाध्य होगा।

7. **परियोजना स्वीकृति एवं क्रियान्वयन बोर्ड** (Project Clearance and Implementation Board) परियोजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन में आ रही कठिनाईयों के निराकरण एवं अंतर्विभागीय समन्वय के विषयों पर निराकरण हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित परियोजना स्वीकृति एवं क्रियान्वयन बोर्ड (PCIB) के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

8. **रिएक्टीव पावर चार्जेस** – यदि संयत्र ग्रिड से रिएक्टीव पावर लेता है तो विकासक को संबंधित वितरण कम्पनी को म.प्र. विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित दर से रिएक्टीव पावर चार्जेस का भुगतान करना होगा।

खण्ड– स
प्रोत्साहन

क) विद्युत शुल्क तथा उपकर (सेस) में छूट (Electricity duty and cess exemption) : समस्त सौर ऊर्जा परियोजनाओं (कैप्टिव सहित) को परियोजना के क्रियाशील (कमीशनिंग) होने की तिथि से 10 (दस) वर्ष तक विद्युत शुल्क एवं उपकर में छूट की पात्रता होगी।

ख) चक्रण प्रभार (wheeling charges) : मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित किए गए चक्रण प्रभार (wheeling charges) अनुसार, म.प्र. पावर ट्रांसमिशन कंपनी/मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के माध्यम से (जैसा प्रकरण में लागू हो) मप्रविनिआ द्वारा विनिर्दिष्ट किये गये अनुसार चक्रण (wheeling) की सुविधा समस्त सौर ऊर्जा परियोजनाओं हेतु उपलब्ध होगी। उपरोक्त चक्रण प्रभारों के संबंध में, मध्यप्रदेश शासन द्वारा चार (4) प्रतिशत का अनुदान अन्तःक्षेपित ऊर्जा (energy injected) हेतु प्रदान किया जाएगा तथा अवशेष मात्रा यदि कोई हो, तो उसका व्यय परियोजना विकासक को वहन करना होगा।

स) **बैंकिंग** :– प्रत्येक वित्तीय वर्ष में शत–प्रतिशत ऊर्जा संचय की अनुमति निम्नलिखित शर्तों पर प्रदान की जाएगी :–

1. वित्तीय वर्ष में संचित ऊर्जा के आंकड़ों का सत्यापन संबंधित राज्य वितरण कंपनी/राज्य विद्युत विपरण कंपनी के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। विकासक द्वारा संचित ऊर्जा का दो प्रतिशत संचय शुल्क के रूप में संबंधित राज्य वितरण कंपनी/राज्य विद्युत विपणन कंपनी को भुगतान करना होगा।
2. संचित की गई ऊर्जा की वापिसी, विद्युत नियामक आयोग द्वारा ऊर्जा के नवीनीकरणीय (अक्षय) स्त्रोतों से विद्युत का सह उत्पादन तथा उत्पादन (पुनरीक्षण–प्रथम) विनियम 2010'' के व नियामक आयोग द्वारा समय–समय पर जारी विनियमनों के आधार पर होगी।
3. वापिस ली गई संचित ऊर्जा के बाद यदि कोई ऊर्जा वित्तीय वर्ष के अन्त में शेष रहती है तो राज्य वितरण कम्पनी/राज्य विद्युत विपणन कम्पनी, नियामक आयोग द्वारा जारी नियमों/निर्देशो के अनुसार शेष ऊर्जा क्रय करेगी।

घ) संविदा मांग में कमी (Contract Demand reduction) : सौर ऊर्जा परियोजना से ऊर्जा क्रय का विकल्प देने वाले औद्योगिक उपभोक्ता को स्थायी आधार पर संविदा मांग (Contract Demand) में समानुपातिक (Prorata) कटौती की अनुमति होगी, जो कि मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के निर्णय के अध्याधीन होगी।

ड.) तृतीय पक्ष विक्रय (Third Party Sale) : तृतीय पक्ष को विक्रय की पात्रता, विद्युत अधिनियम, 2003 के संबंधित प्रावधानों एवं मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा इस संबंध में समय–समय पर जारी आदेशों/विनियमों के अनुसार होगी।

च) उद्योग का दर्जा (Industry Status) : इस नीति के अधीन क्रियान्वित सौर परियोजनाओं को उद्योग का दर्जा प्राप्त होगा और उन्हें समय–समय पर यथासंशोधित राज्य शासन की 'उद्योग संवर्धन नीति' के अधीन सभी सुविधाएं प्राप्त होंगी। यदि राज्य की उद्योग संवर्धन नीति एवं सौर नीति में कोई विरोधाभास हो तो राज्य की सौर नीति मान्य होगी।

छ) वेट/प्रवेश कर से छूट (VAT/ Entry Tax Exemptoin) : वेट/प्रवेश कर से छूट : सौर ऊर्जा परियोजना हेतु क्रय किए गए उपरकणों पर मध्यप्रदेश वेट अधिनियम, 2002 की अनुसूची–1 की प्रविष्टि क्रमांक 71 एवं की अनुसूची–1 की प्रविष्टि क्रमांक 1 के अनुसार वेट/प्रवेश कर से छूट होंगी।

ज) सीडीएम प्रसुविधाएं (CDM Benefits) : सौर ऊर्जा परियोजना के विकासकों/निवेशकों को प्राप्त होने वाले कार्बन क्रेडिट प्रसुविधा (सीडीएम) के लाभ मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के आदेशानुसार प्राप्त होंगे।

झ) अन्य सुविधाओं/प्रोत्साहन से संबंधित उपबंध, जो मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा मुक्त उपयोग(open access), प्रतिक्रिय ऊर्जा (Reactive Power), मीटरीकरण (Metering) तथा नवकरणीय ऊर्जा क्रय प्रतिबद्धता (Renewal Purchase Obligation- RPO) के बारे में विनिर्दिष्ट किए जाएं, लागू होंगे।

No. F 1-06-2010-LX.—In the cabinet meeting held on 10th July 2012, approval on Policy for Implementation of Solar power based projects in Madhya Pradesh, 2012 has been accorded. The publiation of the said policy in "Madhya Pradesh Gazette" is being done in Hindi and the translated version in English is hereby published for general public.

Subject :- POLICY FOR IMPLEMENTATION OF SOLAR POWER BASED PROJECTS IN MADHYA PRADESH, 2012

(1) Preamble –

Energy is a prime mover of the development of any economy. While conventional fuels like coal and oil have been the primary sources for energy, their long term availability has been an area of concern. Further, their increased usage has led to high concentrations of greenhouse gases (GHGs) in the atmosphere, which is a growing concern with regard to global warming and resultant climate changes.

The current energy requirement of the state of Madhya Pradesh is heavily dependent on conventional energy sources. The Government of Madhya Pradesh (GoMP) acknowledges the increasing concern related to climate change, global warming and has recognised the urgent need to address these issues. The promotion of Renewable Energy is one of the key measures taken by the GoMP in this direction. Today Renewable Energy is increasingly becoming an integral part of energy security initiative in the state.

The state of Madhya Pradesh is endowed with high solar radiation with around 300 days of clear sun. The state offers good sites having potential of more than 5.5 kWh/ sq.m/per day for installation of Solar based power projects. The GoMP has been promoting the setting up of Renewable Energy based power plants through various Policy initiatives and incentives for Investors/Developers. GoMP had earlier issued the Incentive Policy for

encouraging generation of power in Madhya Pradesh through Non-conventional Energy Sources in 2006. This Policy period got over in October 2011. Considering the huge untapped potential of solar energy in Madhya Pradesh, the need for a revised Investor/Developer friendly policy was being felt. By inclusion of all aspects of necessities of solar power sector, this policy has been formulated in which present statutory status of power generation and distribution as well as regulatory frame work has been considered.

(2) Regulatory Framework –

a) The Electricity Act, 2003 has been in force since June, 2003. In accordance with the provisions of this Act, any private individual or Agency is free to set up a Power Generation Plant and they shall have right to open access of the transmission facility.

b) Madhya Pradesh Electricity Regulatory Commission (MPERC) is functioning since 1999 and the orders / Regulations passed by the Commission from time to time shall be applicable to the provisions of this Policy. Similarly, Acts passed by Government of India in respect of Power Sector shall also be applicable to provisions of this Policy. In case of any discrepancy between the provisions of this Policy and Orders/Regulations issued by the MPERC, the orders/Regulations issued by the MPERC will take precedence.

(3) Objectives of the Policy –

The objectives of the Policy are as follows:

a) To encourage participation of Private Sector to set up Solar Power based projects in the State.

b) To define the incentives and benefits to be provided to the participants of the Private Sector in clear terms.

c) To build a favourable atmosphere for setting up Solar Power projects.

d) Lay down framework for policy implementation.

Part – A

GUIDING PRINCIPLES OF POLICY

1. **Operative Period –**
This Policy shall become operative from the date of its notification in the Madhya Pradesh State Gazette.

2. Applicability:

a) All Solar energy based power project Developers (Solar PV/Solar thermal) and manufacturing units of equipments, ancillaries related to Solar Power projects shall be eligible for benefits under the Policy.

b) Only new plant and machinery shall be eligible for installation under the Policy.

3. Participation –

For the development of Solar power Projects under this policy, any Individual/ Firm/ Society/ Institution/ Registered Company etc. shall be eligible to apply.

4. Category of Solar Projects under the Policy:

Category I	: Projects selected as per the competitive bidding process for selling power to MP Discoms / MP Power Management Company
Category II	: Projects set up for captive use or sale of power to 3rd party within or outside the state or for sale of power to other states through open access.
Category III	: Projects set up under Renewable Energy Certificate (REC) mode
Category IV	: Projects under Jawaharlal Nehru National Solar Mission.

5. Target:

The Government of Madhya Pradesh in its endeavour to promote solar energy based projects in Madhya Pradesh proposes following targets:

a) Grid connected projects:

i. ***Category I Projects:*** GoMP will promote setting up of Solar Power projects for direct sale to MP Discoms/MP Power Management Company Ltd. The total capacity under this category will be as per the Renewable Purchase Obligation (RPO) targets specified by M.P. Electricity Regulatory Commission (MPERC) from time to time or as decided by the GoMP. Selection of these Solar Power projects shall be through tariff based competitive bidding process.

ii. ***Category II Projects:*** The GoMP will promote Solar power Producers to set up Solar power plants of unlimited capacity, subject to single project

capacity limitation as per clause 6(b) of this policy for captive use or sale of power to 3rd party/states other than Madhya Pradesh.

iii. ***Category III Projects:*** The GoMP will promote Solar Power producers to set up Solar Power plants of unlimited capacity under REC mechanism.

iv. ***Category IV Projects:*** The GoMP will also promote setting up of Solar Power plants under the guidelines of JNNSM.

b) ***Decentralized and off-grid solar projects:*** The GoMP will promote decentralized and off-grid solar applications, including hybrid systems as per guidelines issued by MNRE.

6. Capacity Cap:

a) ***Category I Projects:*** The minimum and maximum project capacity allocation to each solar power producer for the grid connected solar power plants under ***Clause 5(a) (i)*** will be as per the guidelines under the Request for Selection (Rfs)/qualification document issued by GoMP from time to time.

